दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल

सरप्राइज चाली हेलोवीन की शाम

वर्ष : 12 | अंक : 304 | लखनऊ, 01 नवम्बर ,रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

राम मंदिर में सुबह 7 बजे से होंगे दर्शन

अयोध्या। ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रख श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीरामलला की दैनिक

पूजा, आरती, भोग, विश्राम एवं दर्शन की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। अभी मंदिर के पट सुबह 3:45 बजे खुलते हैं और रात 10:30 बजे बंद होते हैं। अब यह समय क्रमशः सुबह 4 बजे और रात 10 बजे होगा। 7 बजे से दर्शन होंगे।

पालघर में 5वीं मंजिल से गिरी लिफ्ट, 7 घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर से एक सिंहायरी इमारत में 5वीं मंजिल से लिफ्ट के नीचे गिर जाने से 7लोग

घायल हो गए। लिफ्ट की क्षमता केवल 5लोगों की थी।यह घटना दोपहर करीब 2 बजे पाटनकर पार्क इलाके में स्थित धनंजय एवेन्यू बिल्डिंग में हुई। घटनों में, 4 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें भर्ती कराया गया है।

निर्देशक संजय का 57 साल की उम्र में निधन

मुंबई। फिल्ममेकर संजय गुप्ता का 30 अक्टूबर को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। उनके सिर में

गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। वह 57 साल के थे।'काबिल', 'शूटआउट एट वडाला', 'कांटे', 'मुंबई सागा' जैसी फिल्मों को डायरेक्ट करने वाले निर्देशक इस दुनिया को छोड़कर जा चुके हैं।

शिमला में कार सड़क से गिरी, 5 लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में शनिवार सुबह नावर क्षेत्र के दरोटी संपर्क सड़क पर हुए दर्दनाक हादसे

में मां-बेटे सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसा सुबह करीब 8:30 बजे हुआ है। मृतकों में दरोटी निवासी मां-बेटे के अलावा 3 नेपाली नागरिक शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एकतानगर को दी 400 करोड़ रुपए की सौगात

पर्यटन स्थल होंगे विशेष तो आकर्षित होंगे लोग, स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट व ईको ट्रेल समेत कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया

पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

2 एकड़ में बना विटोय होटल

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने एकतानगर में बड़ी सुविधाएं दी गई हैं। अब वहां घूमने, ठहरने और मनोरंजन की सुविधाएं बेहतर होने जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एकतानगर में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया और कई नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन में 127 कमरों वाला आईआरसीटीसी होटल, रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल, नर्मदा घाट का विकास और जल-सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। रेलवे स्टेशन के पास आईआरसीटीसी ने करीब 52.50 करोड़ से 127 कमरों वाला आधुनिक होटल तैयार किया है। करीब 2 एकड़ में बने इस होटल में 4 श्रेणियों के कमरे, रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया, बैंक्वेट हॉल, कॉन्फ्रेंस सुविधाएं और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

ठहरने का खास विकल्प मिलेगा

स्टेशन के नजदीक होने से ट्रेन से आने वाले यात्रियों को वहां पहुंचने में आसानी होगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देखने अब तक 3 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं। ऐसे में होटल की नई सुविधा से पर्यटकों को ठहरने का एक और ऑप्शन मिलेगा। इससे उम्मीद है कि लोग एकतानगर में अधिक समय बिताएंगे और आसपास के पर्यटन स्थलों को भी फायदा होगा।

रेनफॉरेस्ट, ईको ट्रेल और नर्मदा घाट का विकास

पर्यटन को बढ़ावा देने रेनफॉरेस्ट, यूनिटी और इको ट्रेल से जुड़े प्रोजेक्ट भी शुरू किए हैं। नर्मदा घाट के उन्नयन और क्षेत्र में फसाड लाइटिंग की व्यवस्था से भी खूबसूरती बढ़ाने की योजना है। पर्यटकों को बेहतर अनुभव देना है।

इन नई परियोजनाओं की भी रखी आधारशिला

प्रधानमंत्री ने कई अन्य विकास कार्यों की आधारशिला भी रखी। इनमें गोरा-भट्ट रोड का विकास, इंटीग्रेटेड जीरो वेस्ट स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट और खलवानी इको टूरिज्म डेवलपमेंट शामिल हैं। इसके अलावा कैक्टस और बटरफ्लाई गार्डन के एकीकृत विकास की योजना भी है।

अन्य व्यवसायों में भी होगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से एकतानगर में पर्यटन गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। होटल और पर्यटन सुविधाओं के संचालन से रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। वहीं, पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय दुकानदारों, टैक्सी चालकों, होटल कारोबारियों और खानपान से जुड़े व्यवसायों को भी लाभ मिल सकता है।

एकता दिवस परेड में शामिल हुए प्रधानमंत्री

सरदार पटेल के फैसलों ने देश को एकजुट किया

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता नगर के परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देश की एकता, विविधता और सामूहिक शक्ति की झलक देखने को मिली। परेड में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रदर्शित किया गया।पीएम मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता को आकार देने और उसकी रक्षा करने में अहम भूमिका निभाई। एकता हमें एक राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की ताकत देती है। इसलिए हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और एकता दिवस, ये तीनों अब पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। इस अवसर पर मैं राष्ट्रीय एकता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं सरदार वल्लभभाई पटेल के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

'सरदार' ने राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में पिरोया

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने पूरे राष्ट्र को भावनात्मक एकता के सूत्र में भी पिरोया। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत भी की थी। इस महान कार्य के 75 वर्ष इस वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ का ध्वज तमाम आक्रांताओं की मंशा को नाकाम कर स्वाभिमान के साथ लहरा रहा है।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती

शाह ने निकाली 'एकता दौड़' नशामुक्त भारत का लक्ष्य रखा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत आयोजित 'एकता दौड़' का शुभारंभ किया। उन्होंने देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। शाह ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भारत का इतिहास बदला, बल्कि देश के भूगोल की संरचना भी की। अनेक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया। पटेल ने मात्र 1218 दिनों में अखंड भारत की रचना कर वह कर दिखाया, जिसे दुनिया असंभव मानती थी।

370 हटाना, नक्सलवाद समाप्ति बड़ी उपलब्धि

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ना, देश से नक्सलवाद समाप्त करना और एक देश, एक कर प्रणाली लागू करना शामिल है।

विविधता हमारी कमजोरी नहीं, सबसे बड़ी ताकत

शाह ने कहा कि भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और पारंपरिक विविधता देश की कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। यही सरदार पटेल का संदेश था।

सरदार को मिला वैश्विक सम्मान

अंत में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की परिकल्पना की और उसका शिलान्यास किया। इस प्रतिमा ने पूरे देश के सामने सरदार पटेल के विराट व्यक्तित्व को अपने नेतृत्व में प्रतिष्ठित भी किया।

490 पुलिसकर्मियों को 'केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक'

विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के 490 कर्मियों को शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' प्रदान करने की घोषणा की गई। इसमें सीबीआई के 14 अधिकारी भी हैं। यह पदक राज्यों के पुलिस बलों, सुरक्षा संगठनों, खुफिया इकाइयों, शाखाओं एवं विशेष शाखाओं, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को मिलेगा।

नड्डा ने कर्तव्य भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सरदार की जयंती पर स्वास्थ्य मंत्रालय तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अमृता-1 में समारोह में अधिकारियों ने एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।

वाराणसी से स्लीपर वंदेभारत शुरू

9 घंटे में दिल्ली पहुंचेगी प्रमुख 4 स्टेशनों पर रुकेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सीएम योगी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वाराणसी से वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन है, जो काशी से दिल्ली के बीच दौड़ेगी। सफर करीब 9 घंटे में पूरा होगा। ट्रेन प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़ और गाजियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी। शुक्रवार और दिल्ली से शनिवार को नहीं चलेगी। पूरी तरह एसी इस ट्रेन में 16 कोच हैं। इसमें 823 यात्री सफर कर सकेंगे। ट्रेन में फर्स्ट एसी का 1, सेकंड एसी के 4 और थर्ड एसी के 11 कोच हैं। योगी और वैष्णव ने इसका निरीक्षण किया। दोनों ने लोको पायलट से बातचीत की। वैष्णव ने योगी को ट्रेन की खूबियां भी बताईं। दोनों कोच में मौजूद स्कूली बच्चों से मिले। छात्र की 'बनारस विकसित भारत' की पेंटिंग को दोनों ने सराहा।

भाजपाध्यक्ष नवीन आज रोहतक में

'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा शुरू करेंगे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन रविवार को हरियाणा के रोहतक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे। यह विपक्ष के खिलाफ भाजपा के देशव्यापी अभियान का हिस्सा है। नवीन ऐसे दिन विपक्ष के खिलाफ भाजपा की पदयात्रा का नेतृत्व करेंगे, जब 'इंडिया' गठबंधन दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर और कथित वोट चोरी के खिलाफ रैली करेगा। पार्टी विपक्ष के कथित 'भ्रामक सूचनाओं, दुष्प्रचार और सुनियोजित अराजकता' के खिलाफ यह पदयात्रा निकाल रही है। पदयात्रा छोटू राम पॉलिटेक्निक मैदान से शुरू होगी और मॉडल टाउन स्थित डी-पार्क पर समाप्त होगी। नवीन बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देंगे। यह हताश विपक्ष के झूठ, साजिशों के खिलाफ वैचारिक आंदोलन है।

नासिक में सिंहस्थ महाकुंभ का शुभारंभ

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में सिंहस्थ महाकुंभ के ध्वज स्तंभ पूजन, ध्वजा पूजन और ध्वजारोहण समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

सीबीएसई ने जारी किया नया सर्कुलर

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किया बदलाव

9 वीं के सिलेबस से समाज में व्यक्ति कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई हटाया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सीबीएसई शैक्षणिक-सत्र 2026-27 कक्षा 9वीं में पढ़ रहे छात्रों के सिलेबस में बदलाव किया गया है।

बोर्ड की ओर से 29 अक्टूबर को एक सर्कुलर जारी किया। अब सिलेबस से समाज में व्यक्ति, कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई विषय को हटाया गया है जब इसी बैच के छात्र बोर्ड परीक्षा वाली शैक्षणिक सत्र 2027-28 में शामिल होंगे, तब उन्हें पर्यावरण शिक्षा विषय नहीं पढ़ना होगा। यह नियम वर्तमान में कक्षा 10वीं में पढ़ रहे छात्रों पर लागू नहीं होगा।

10वीं में इन 5 विषयों को पढ़ना होगा

शैक्षणिक सत्र 2027-28 के 10वीं के छात्रों को 5 विषयों की परीक्षा देनी होगी। इनमें गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, पहली भाषा और दूसरी भाषा विषय शामिल हैं। 9वीं के छात्रों को अगले साल इन 5 विषयों की परीक्षा देनी होगी।

स्किल एजुकेशन अनिवार्य

22 कौशल विषयों रिटेल, सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, ऑटोमोटिव, वित्तीय बाजार, पर्यटन का परिचय, सौंदर्य और वेलनेस, कृषि में एक अनिवार्य है।

एडवांस्ड गणित और विज्ञान विषय चुनने का विकल्प

सीबीएसई ने एडवांस्ड स्तर पर गणित और साइंस विषय चुनने का विकल्प भी दिया है।

अयोध्या में राम मंदिर की जमीन के सर्वे की मांग

सुप्रीम कोर्ट कल इस याचिका पर करेगा सुनवाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जमीन की सीमाएं तय करने, पुराने नक्शों, चढ़ावे और दस्तावेज की जांच की मांग

अयोध्या में बने राम मंदिर की जमीन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दाखिल की गई है।

इसमें मांग की गई है कि एक स्वतंत्र समिति या आयोग बनाकर यह जांच कराई जाए कि राम मंदिर ठीक उसी जमीन पर बना है या नहीं, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में अपना फैसला सुनाया था। याचिका में जमीन की सही सीमाएं तय करने, पुराने नक्शों और दस्तावेजों की जांच करने के साथ मंदिर में आने वाले चढ़ावे का हिसाब-किताब पारदर्शी बनाने की भी मांग की गई है।

भूमि की सही पहचान की जाए

याचिका में कहा गया है कि विवादित जमीन की सही पहचान और उसकी सीमाओं का स्वतंत्र सर्वे कराया जाना चाहिए। इसके लिए जमीन के नक्शे, भौगोलिक निर्देशांक, क्षेत्रफल और वास्तविक स्थिति की जांच जरूरी बताई गई है। याचिकाकर्ता चाहता है कि अदालत ऐसे विशेषज्ञों की समिति या आयोग बनाए।

खातों की कैग से जांच कराई जाए

याचिका में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा मंदिर में मिलने वाले दान, चढ़ावे और रसीदों का रोजाना डिजिटल रिकॉर्ड रखने और उसका ब्योरा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने की मांग की गई है।खातों का हर साल भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से ऑडिट कराया जाए।

2019 में दिया था फैसला

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या जमीन विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इस फैसले में विवादित 2.77 एकड़ जमीन राम मंदिर निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट को सौंपने का रास्ता साफ किया गया था। केंद्र को सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद बनाने के लिए अयोध्या में किसी प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ वैकल्पिक जमीन देने का निर्देश दिया गया था।

महिला बटालियन में तार लूट का खुलासा, मजदूर बनकर रेकी करता था गैंग, 6 गिरफ्तार

सरोजनीनगर में 30 लाख के बिजली तार लूटने वाले 6 लुटेरे अरेस्ट,

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। निमार्णाधीन बिल्डिंगों में मजदूर और बिजली मिस्त्री बनकर रेकी करने के बाद लूटपाट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के छह सदस्यों को सरोजनीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर बीते दिनों सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित महिला बटालियन परिसर में हुई विद्युत तारों की लूट मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक 26 अक्टूबर की रात आरोपी दो कारों से सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा स्थित निमार्णाधीन उदा देवी महिला बटालियन परिसर पहुंचे, जहाँ गनमैन और उसके साथी को बंधक बनाने के साथ स्टोर रूम का ताला तोड़कर 50 बंडल बिजली के तार लूट लिए थे। इस मामले में सैरपुर थाना अंतर्गत नरहरपुर स्थित हनुमान टेकरी के पास रहने वाले कंपनी के स्टोर जीएम विकास अवस्थी ने 28 अक्टूबर को सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने बताया कि इसके बद घटना के खुलासे के लिए पुलिस की छह टीमें गठित की गई। इस दौरान सर्विलांस सेल की मदद से घटनास्थल और आसपास लगे 120 से 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। तब तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर शनिवार को छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी मनीष सिंह ने बताया कि गिरोह के सदस्य अलग-अलग जिलों में मजदूरी और बिजली मिस्त्री का काम करते हुए निमार्णाधीन भवनों और बंद मकानों की रेकी कर वारदात को अंजाम देते थे। उसने बताया कि लूटे गए कुछ तार एक साथी ले गया था, जबकि बाकी तार खंडहर में छिपाकर रखे गए थे। इसके बाद सभी लोग इन तारों को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने गोसाईगंज और सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में भी बिजली के तार चोरी करने की घटनाओं में शामिल होना कबूला है। इसमें गिरोह के वकील और महताब चोरी का माल खरीदने-बेचने का काम करते थे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मनीष सिंह उर्फ मनीष सिसौदिया, राहुल सिंह उर्फ बड्डा, अतुल सिंह और कुलदीप सिंह आगरा के निवासी हैं, जबकि वकील और महताब गाजियाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस को आरोपियों के कब्जे से करीब 30 लाख रुपये कीमत के बिजली के तार, 69 हजार रुपये की नगदी और वारदात में इस्तेमाल दो कारें बरामद हुई हैं। दोनों कारों की कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई गई है। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि इसमें से मनीष सिंह उर्फ मनीष सिसोदिया के खिलाफ मथुरा के वृंदावन, गौतम बुद्ध नगर के एक्सप्रेसवे और गुरुग्राम के सेक्टर - 10 थाने में कुल पांच मामले, जबकि राहुल सिंह उर्फ बड्डा, वकील, अतुल सिंह और कुलदीप सिंह के खिलाफ अलग-अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया और उनके फरार साथियों व चोरी का माल खरीदने वालों की तलाश कर रही है।

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी गठित, नवलेश प्रताप सिंह को मिली अहम जिम्मेदारी

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संयोजक, सह-संयोजक एवं सदस्यों की सूची जारी की, सहकारिता क्षेत्र के अनुभवी चेहरों को मिली तरजीह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से 31 अक्टूबर 2026 को जारी सूची में प्रदेश संयोजक, सह-संयोजक एवं सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। इस नई कार्यकारिणी में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कार्यकर्ताओं एवं सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी सूची के अनुसार आलोक सिंह को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं प्रदेश सह-संयोजक के रूप में मनीष साहनी (लखीमपुर खीरी), आनंद किशोर द्विवेदी (कन्नौज), महेंद्र सिंह (गोरखपुर), नवलेश प्रताप सिंह (लखनऊ) एवं अमित शर्मा (बुलंदशहर) को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. प्रवीण सिंह जादौन (जालौन), रामचंद्र मिश्रा (सुल्तानपुर), गुणकेश्वर गुप्ता (हमीरपुर), हरिओम मिश्रा (प्रतापगढ़) तथा संजय सिंह (लखनऊ जिला) को शामिल किया गया है। इस नियुक्ति में विशेष रूप से नवलेश प्रताप सिंह को प्रदेश सह-संयोजक जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना चर्चा का विषय बना हुआ है। सहकारिता क्षेत्र की गहरी जानकारी, अनुभव और संगठनात्मक समझ रखने वाले नवलेश प्रताप सिंह की नियुक्ति को इस क्षेत्र में पार्टी के संगठन को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक दृष्टि से सहकारिता प्रकोष्ठ की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। प्रदेश में सहकारी समितियों, सहकारी बैंकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े संस्थानों के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवं विचारों को आमजन तक पहुंचाने में यह प्रकोष्ठ अहम भूमिका निभा सकता है। ऐसे में नई कार्यकारिणी के सामने संगठन को सक्रिय बनाने, सहकारिता क्षेत्र में पार्टी की पकड़ मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं को जोड़ने की महत्वपूर्ण चुनौती होगी।

लखनऊ में सक्रिय राजन मिश्रा को संगठन में कब मिलेगी उचित जिम्मेदारी?

वर्षों से भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच सक्रियता, अब संगठन के निर्णय का इंतजार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की राजनीति में कुछऐसे चेहरे भी हैं, जो भले ही हमेशा राजनीतिक सुर्खियों में न रहते हों, लेकिन संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच अपनी सक्रिय उपस्थिति बनाए रखते हैं। राजन मिश्रा भी ऐसा ही एक नाम हैं, जिनकी राजनीतिक और सामाजिक सक्रियता लंबे समय से लखनऊ में देखी जा रही है। अब राजनीतिक गलियारों में यह सवाल चर्चा का विषय बनता जा रहा है कि आखिर उन्हें भारतीय जनता पार्टी के संगठन में कब और किस स्तर पर उचित जिम्मेदारी मिलेगी?

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्रा के पुत्र राजन मिश्रा लंबे समय से लखनऊ को अपनी राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाए हुए हैं। उनका कार्यकर्ताओं के बीच लगातार संपर्क, संगठनात्मक गतिविधियों में सहभागिता और पार्टी से जुड़े लोगों के साथ संवाद उनकी सक्रियता का हिस्सा रहा है। बताया जाता है कि वह कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने और उनकी बात संबंधित वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाने का भी प्रयास करते रहे हैं। भाजपा की राजनीति में संगठन की मजबूती का आधार केवल बड़े पदाधिकारी या मंचों पर दिखाई देने वाले चेहरे नहीं होते, बल्कि वे कार्यकर्ता और स्थानीय स्तर पर सक्रिय लोग भी होते हैं, जो लगातार संगठन के साथ जुड़े रहकर अपनी भूमिका निभाते हैं। राजन मिश्रा की सक्रियता को भी इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। हालांकि, संगठन में जिम्मेदारी का निर्धारण पार्टी की आंतरिक प्रक्रिया, अनुभव, सक्रियता और नेतृत्व के निर्णय पर निर्भर करता है। लेकिन लंबे समय से सक्रिय रहने वाले लोगों को संगठनात्मक दायित्व मिलने की अपेक्षा स्वाभाविक रूप से बनी रहती है। ऐसे में पार्टी के कार्यकर्ताओं और राजनीतिक जानकारों के बीच यह चर्चा है कि राजन मिश्रा को भी संगठन में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर उनकी सक्रियता को औपचारिक भूमिका में परिवर्तित किया जाएगा या फिलहाल उन्हें इसी तरह संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रखा जाएगा। आगामी राजनीतिक चुनौतियों और संगठनात्मक विस्तार के दौर में भाजपा के सामने पुराने, अनुभवी और लगातार सक्रिय चेहरों को उचित अवसर देने का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। अब देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी नेतृत्व राजन मिश्रा की वर्षों की सक्रियता को किस रूप में महत्व देता है और उन्हें संगठन में कब कोई नई जिम्मेदारी सौंपता है। फिलहाल लखनऊ के राजनीतिक गलियारों में एक सवाल जरूर गूंज रहा है—कार्यकर्ताओं के बीच लगातार सक्रिय रहने वाले राजन मिश्रा को संगठन में उनकी भूमिका के अनुरूप जिम्मेदारी कब मिलेगी?

बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी, 2 सिलेंडर समेत कीमती सामान ले गए चोर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर घरेलू सामान और कीमती कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले के रिपोर्ट दर्ज कराई है। चित्रकूट जिले के कर्वी स्थित गांधी गंज निवासी भैरों प्रसाद मिश्र के मुताबिक उनका एक मकान सरोजनीनगर के कृष्ण लोक कॉलोनी में है। भैरो प्रसाद का कहना है कि सरोजनीनगर में नियमित रूप से न रहने के कारण उनका मकान अक्सर बंद रहता है। शुक्रवार शाम जब वह मकान पहुंचे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो कमरों का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। भैरों का कहना है कि चोर मकान से गैस के दो सिलिंडर, गीजर के अंदर का सामान, बर्तन, कुकर और कई कीमती कपड़े सहित अन्य कीमती घरेलू सामान चोरी कर ले गए। उनका कहना है कि मौके पर छेनी और हथौड़ी भी पड़ी मिली। पीड़ित का कहना है कि वहां का नजारा देखकर लग रहा कि चोरी की घटना हाल के कुछदिनों में हुई है। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगा रही है।

बेकाबू बोलेरो पिकअप ने बुलेट को मारी टक्कर, छात्र की मौत, साथी गंभीर

स्कूल जा रहे दो छात्रों को पिकअप ने रौंदा, एक की मौके पर मौत, चालक फरार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक लोडर वाहन (बुलेरो पिकप) और बुलेट मोटरसाइकिल की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बुलेट चालक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायल का पास के निजी अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं घटना के बाद लोडर चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। बिजनौर थाना क्षेत्र के नूर नगर भदरसा निवासी किसान कश्मीर यादव का बेटा यश (16) कक्षा 8 का छात्र था। जबकि गांव के ही दूधिया अखिलेश यादव का बेटा आयुष (18) कक्षा 10 का छात्र है। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे किसी काम से बिजनौर जा रहे थे। बुलेट को यश चला रहा था, जबकि आयुष पीछे बैठा था। तभी बंथरा - बिजनौर रोड पर तहसील से पहले भौनवाल स्कूल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप से उसकी बुलेट की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि यश उछल कर सड़क के किनारे जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका शव क्षत-विक्षत हो गया। जबकि आयुष के पैर टूट गए और वह बुरी तरह घायल हो गया। आनन फानन राहगीर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। उधर घटना के बाद पिकप चालक अपने वाहन सहित मौके से भाग निकला। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के परिजनों को सूचना देने के साथ मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल आयुष के परिजनों ने उसे बिजनौर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल सीसीटीवी कैमरों के सहारे पुलिस आरोपी पिकप की तलाश करने में जुटी है। मृतक यश के परिवार में उसके पिता कश्मीर यादव और माँ के अलावा दो बड़े भाई और दो बड़ी बहनें हैं। जबकि घायल आयुश अपने दो भाइयों में बड़ा है।

कर्नल दयाशंकर दुबे को फिर सौंपी गई पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की कमान

पूर्व कार्यकाल में संगठनात्मक सक्रियता और अनुभव का मिला लाभ, प्रदेश भाजपा ने दोबारा जताया भरोसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश ने संगठनात्मक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक पद पर एक बार फिर कर्नल दयाशंकर दुबे को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा 31 अक्टूबर 2026 को जारी की गई सूची में उनके नाम की घोषणा की गई है। कर्नल दुबे को दोबारा यह दायित्व सौंपे जाने को उनके पूर्व कार्यकाल के अनुभव और संगठनात्मक भूमिका के प्रति पार्टी के भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। कर्नल दयाशंकर दुबे इससे पूर्व भी पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उनके पिछले कार्यकाल के दौरान प्रकोष्ठ की गतिविधियों और संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। पूर्व सैनिकों को संगठन से जोड़ने, उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को पार्टी के मंच तक पहुंचाने तथा प्रकोष्ठ को सक्रिय बनाए रखने जैसे विषयों पर उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। यही वजह है कि पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा की ओर से जारी सूची के अनुसार, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में गोरखपुर महानगर के कैप्टन ओम प्रकाश यादव, लखनऊ के मेजर आनंद टंडन, कानपुर के राजीव सिंह राठौर तथा आंवला के एनएस राजपूत को सह-संयोजक बनाया गया है। वहीं गाजीपुर के हंस लाल कुशवाहा और उन्नाव के शीतेश सिंह को सदस्य की जिम्मेदारी दी गई है। कर्नल दयाशंकर दुबे को दोबारा संयोजक बनाए जाने से पूर्व सैनिकों के बीच भी संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। सैन्य पृष्ठभूमि, अनुशासन और संगठनात्मक अनुभव रखने वाले कर्नल दुबे के सामने अब पूर्व सैनिकों को भाजपा के संगठनात्मक ढांचे से और अधिक मजबूती से जोड़ने की जिम्मेदारी होगी। पार्टी के इस निर्णय से यह भी संकेत मिलता है कि संगठन में पूर्व अनुभव और पूर्व में निभाई गई जिम्मेदारियों को भी महत्व दिया जा रहा है। अब देखना होगा कि अपने नए कार्यकाल में कर्नल दयाशंकर दुबे पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ को किस प्रकार नई दिशा और विस्तार प्रदान करते हैं।

यूपी चुनाव: कांग्रेस ने सपा को सौंपी विधानसभा सीटों की सूची

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर चर्चा शुरू हो गई है। कांग्रेस ने गुप्त रूप से लगभग 125-130 सीटों की सूची सपा नेतृत्व को सौंपी है, जबकि सपा पिछले चुनाव के प्रदर्शन का हवाला देते हुए उसे 40-50 से ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने गुपचुप ढंग से सपा नेतृत्व को उन विधानसभा सीटों की सूची सौंप दी है, जिन पर वो अपने सिंबल पर प्रत्याशी उतारना चाहती है। इन सीटों की सही संख्या इंडिया गठबंधन के किसी पक्ष ने आधिकारिक रूप से नहीं बताई है, लेकिन खबरों के अनुसार, ये 125-130 के करीब हैं। हालांकि, बताते हैं कि सपा नेतृत्व इतनी सीटें देने के लिए तैयार नहीं है। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से यह सूची सीधे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी गई है। दिल्ली में पिछले दिनों यूपी के नेताओं के साथ कांग्रेस की बैठक हुई थी, जिसमें प्रियंका गांधी भी मौजूद रही थीं। बताते हैं कि बैठक में कांग्रेस के यूपी के नेताओं से अलग-अलग सीटों के बाबत फीडबैक लिया इसी के आधार पर सूची सपा अध्यक्ष को दी गई है। सूत्र बताते हैं कि सपा किसी भी हालत में कांग्रेस को 40-50 से ज्यादा सीटें देने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में उसकी परफॉर्मेंस न सिर्फ जीतने के लिहाज से बल्कि मत प्रतिशत के लिहाज से भी काफी खराब रही थी। सपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में 403 सीटों में से 347 पर अपने सिंबल पर चुनाव लड़ा था। सूत्र बताते हैं कि इस बार भी सपा 340-350 सीटें अपने सिंबल पर लड़ना चाहती है।

जंबो भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में फिर सात नए नाम शामिल, विस्तार का सिलसिला जारी

27 अक्टूबर को मुख्य सूची, 28 अक्टूबर को 11 और अब 29 अक्टूबर को सात नए सदस्यों की घोषणा; संगठन की चयन प्रक्रिया पर उठने लगे सवाल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भाजपा की जंबो जेट प्रदेश कार्यसमिति में नए सदस्यों को शामिल करने का सिलसिला लगातार जारी है। 27 अक्टूबर को प्रदेश कार्यसमिति की बड़ी सूची जारी होने के बाद 28 अक्टूबर को 11 अतिरिक्त सदस्यों के नाम घोषित किए गए और अब 29 अक्टूबर को सात और सदस्यों को कार्यसमिति में शामिल किया गया है। लगातार तीन दिनों तक जारी हुई सूचियों ने भाजपा के संगठनात्मक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से जारी 29 अक्टूबर की सूची में शामिल सात नए सदस्यों के नाम राम प्रकाश दुबे – वाराणसी (काशी क्षेत्र) उमेश पाठक – वाराणसी (काशी क्षेत्र) अभिमन्यु सिंह – चंदौली (काशी क्षेत्र) फतेह बहादुर सिंह उर्फ जौड़ई – संतकबीरनगर (गोरखपुर क्षेत्र) हृदय नारायण दीक्षित – उन्नाव (अवध क्षेत्र) संगीता आजाद – लालगंज (गोरखपुर क्षेत्र) डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी – अम्बेडकरनगर (अवध क्षेत्र) लगातार जारी हो रही इन सूचियों के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर प्रदेश कार्यसमिति जैसी महत्वपूर्ण संगठनात्मक इकाई का गठन एक बार में पूरा क्यों नहीं किया जा सका? जब 27 अक्टूबर को कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई थी, तो उसके अगले दो दिनों तक नए नाम जोड़ने की आवश्यकता क्यों पड़ी? क्या पहली सूची तैयार करते समय सभी नामों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया था या फिर बाद में मिले सुझावों और संगठनात्मक समीकरणों के आधार पर लगातार बदलाव किए जा रहे हैं?

राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि प्रदेश कार्यसमिति में बड़ी संख्या में सदस्यों को स्थान दिए जाने के बावजूद कई वरिष्ठ और लंबे समय से संगठन के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाया है। विशेष रूप से लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण राजनीतिक केंद्र से जुड़े अनेक वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। भाजपा को अपने अनुशासित संगठन और मजबूत निर्णय प्रक्रिया के लिए जाना जाता है। ऐसे में प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा के बाद लगातार नई सूचियां जारी होना संगठन की कार्यप्रणाली और चयन प्रक्रिया की गंभीरता पर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना यह है कि नाम जोड़ने का यह सिलसिला यहीं समाप्त होता है या प्रदेश कार्यसमिति में आगे भी नए नामों की घोषणा जारी रहती है।

जुआ खेलने के विवाद में मजदूर की हत्या, बाग में मिला शव

अमन लेखनी समाचार

मृतक नन्हक्के फाइल – फोटो

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के गोपरामऊ चौराहे के पास शनिवार शाम आम के बाग में एक मजदूर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान बीघापुर निवासी बलऊ रावत उर्फ नन्हक्के (58) के रूप में हुई। मृतक की पत्नी ने जुआ खेलने के दौरान हुए विवाद में ईंट से कुचलकर पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, बलऊ रावत शनिवार शाम करीब चार बजे घर से निकले थे। उनकी पत्नी मीना ने बताया कि वह बकरियां चराने गई थीं। शाम करीब साढ़े पांच बजे बकरियों को लेकर घर लौटीं तो पति घर पर नहीं मिले। काफी देर तक उनके वापस न आने पर शाम करीब सात बजे बेटे के साथ तलाश शुरू की। इसी दौरान गोपरामऊ चौराहे पर एचपी पेट्रोल पंप के सामने स्थित आम के बाग में पति का शव पड़ा मिला। मीना ने गांव के ही चंद्रपाल और रवींद्र तथा गोपरामऊ निवासी कल्लू पर जुआ खेलने के दौरान विवाद के बाद ईंट से कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के बेटे ने भी बताया कि पूर्व में उसके पिता का रवींद्र से विवाद हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह और माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के परिवार में पत्नी मीना, पांच बेटे अमित, विजय, रंजीत, सूरज और सुमित तथा बेटी माधुरी हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

झांसा देकर किशोर से 15 हजार रुपये ठगे, स्कूटी सवार फरार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद कस्बे में जनसेवा केंद्र पर बैठे किशोर को झांसे में लेकर एक स्कूटी सवार युवक 15 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। आरोपी ने किस्त पर ली गई गाड़ी पकड़े जाने की बात कहकर किशोर से रुपये मांगे थे। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रहीमाबाद निवासी दीपक गुप्ता रहीमाबाद दरोगा चक्की के निकट न्यू यादव मार्केट में जनसेवा केंद्र चलाते हैं। दीपक के मुताबिक, शनिवार को वह किसी काम से मलिहाबाद गए हुए थे। इस दौरान उनका 16 वर्षीय बेटा अमित गुप्ता दुकान पर बैठा था। सुबह करीब 11 बजे सफेद रंग की स्कूटी से एक अज्ञात व्यक्ति दुकान पर पहुंचा। उसने अमित से कहा कि उसकी किस्त वाली गाड़ी पकड़ ली गई है और उसे तत्काल 15 हजार रुपये नकद की जरूरत है। आरोपी ने अपनी बातों में उलझाकर किशोर से 15 हजार रुपये ले लिए और स्कूटी से फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने हेलमेट इस तरह पहन रखा था कि सीसीटीवी कैमरे में उसका चेहरा स्पष्ट दिखाई नहीं दिया। वहीं, आरोपी दुकान पर रेडमी कंपनी का एक एंड्राइड मोबाइल फोन भी छोड़ गया, जिसमें सिम कार्ड नहीं लगा था। घटना की जानकारी होने पर दीपक ने रहीमाबाद थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश में जुटी है।

मिशन शक्ति फेज-6 के तहत सरोजनीनगर और बंथरा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

सरोजनीनगर पुलिस ने महिलाओं को बताए हेल्पलाइन नंबर, साइबर ठगी से बचाव के टिप्स दिए

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत शनिवार को सरोजनीनगर और बंथरा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सरोजनीनगर पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हिन्दनगर में अभियान चलाया। इस दौरान उपनिरीक्षक यशवंत सिंह, महिला उपनिरीक्षक साधना देवी व सुष्मिता सिंह तथा महिला कांस्टेबल सविता और सुनीता ने महिलाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं बंथरा पुलिस ने चनखरा में महिलाओं और बच्चियों को जागरूक किया। यहां उपनिरीक्षक गुलाब कली, सीमा सिंह और प्रदीप कुमार ने एंटी रोमियो टीम के साथ अभियान चलाया। दोनों स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समेत अन्य जरूरी नंबरों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा केंद्र, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी और यूपी कॉप एप के बारे में बताया। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के तरीके समझाते हुए ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

संक्षेप

कच्ची दीवार गिरने से किसान की मौत परिजनों में मचा कोहराम

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बछौरा गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। मवेशी खोलते समय कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई, जिसके मलबे में दबकर किसान सुरेश (45) की मौत हो गई।गांव निवासी सुरेश के घर के सामने छप्पर के नीचे मवेशी बंधे थे। दोपहर करीब 1:30 बजे वह मवेशी खोलने गया था, तभी अचानक दीवार गिर गई। मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।आवाज सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उसे मलबे से निकालकर सीएचसी नवाबगंज ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर उपनिरीक्षक राघवेंद्र अग्निहोत्री मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।किसान की मौत से बेटे दीपक, अवधेश और बेटी प्रियंका का रो-रोकर बुरा हाल है।कोतवाली प्रभारी भुवन मौर्य ने बताया कि कच्ची दीवार गिरने से किसान की मौत हुई है, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जहरीले कीड़े के डसने से एक महिला की हालत बिगड़ी

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहरी पुरवा में जहरीले कीड़े के डसने से एक महिला की हालत बिगड़ गई। उसे यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव निवासी रामेश्वर की पत्नी हासमी कमरे से कुछ सामान निकाल रही थी। तभी उसको किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। कीड़े के डसने के कुछ ही देर बाद महिला की तबीयत खराब होने लगी। परिजनों में अफरा-तफरी मच गई।आनन-फानन परिजन उसे उपचार के लिए यहाँ के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की देखरेख में महिला का उपचार चल रहा है।

आगामी दो और तीन नवंबर को एथलेटिक्स चैंपियनशिप का किया जाएगा आयोजन

बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी दो और तीन नवंबर को इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 36वां द्वि-दिवसीय वार्षिक खेल एवं बांगरमऊ एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयोजन प्राचार्य डॉ. दिग्विजय नारायण के संरक्षण एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. अभिषेक कुमार के नेतृत्व में होगा। चैंपियनशिप में क्षेत्र के करीब 10 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही महाविद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड रहेंगे, जबकि समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक निदेशक उच्च शिक्षा निदेशालय प्रो. डॉ. विष्णु मिश्रा शिरकत करेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

तेज रफ्तार कार गंगा नदी में गिरी युवक कार समेत लापता साथी बाल बाल बचा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर हिंदूपुर गांव के समीप शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाढ़ के पानी से कटकर गंगा में समा चुकी सड़क के पास से गुजरते समय एक अनियंत्रित कार सीधे गंगा की धारा में जा गिरी। कार में सवार दो युवकों में से एक किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा, जबकि दूसरा युवक कार समेत गहरे पानी में समा गया। हादसे के करीब 23 घंटे बाद भी लापता युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था। पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीमें गंगा में उसकी तलाश में जुटी हुई थीं।

जानकारी के अनुसार सफीपुर क्षेत्र के देवगांव निवासी विजय कुमार गौड़ उर्फ पप्पू का करीब 26 वर्षीय पुत्र तरुष गौड़ शुक्रवार शाम लगभग छह बजे अपने साथी विजय शंकर निवासी हिलौली, थाना क्षेत्र मौरावां के साथ कार से शिवराजपुर जाने के लिए निकला था। बताया गया कि तरुष की सफीपुर स्थित जूते-चप्पल की दुकान है। वह शिवराजपुर के एक व्यापारी को जूतों के सैंपल दिखाने की बात कहकर घर से निकला था। शाम करीब सात बजे हिंदूपुर गांव के आगे बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गंगा के पानी में जा गिरी। हादसे के दौरान विजय शंकर किसी तरह कार से बाहर निकल आया, लेकिन तरुष और कार पानी में डूब गए। बताते चलें कि काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग करीब डेढ़ वर्ष पूर्व गंगा की बाढ़ और कटान के चलते क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने बालू भरी बोरियां और लकड़ी की बल्लियां लगाकर किसी तरह पैदल आवागमन का अस्थायी रास्ता तैयार किया था। गंगा के जलस्तर में लगातार उतार-चढ़ाव के चलते कटान का सिलसिला जारी रहा और सड़क का करीब आधा किलोमीटर से अधिक हिस्सा गंगा की धारा में समा गया। खतरे को देखते हुए प्रशासन ने मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित कर रखा है। वाहनों को रोकने के लिए पुलिस की ड्यूटी भी लगाई जाती है। इसके बावजूद शुक्रवार को यह हादसा हो गया।

तरुष के पिता विजय कुमार गौड़ उर्फ पप्पू ने बताया कि शाम को शिवराजपुर के एक व्यापारी ने फोन कर कार गंगा में गिरने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही वह घटनास्थल पर पहुंचे, जहां बेटे का कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि तरुष परिवार का इकलौता बेटा है। पिता स्वयं कैंसर से पीड़ित हैं और उनका उपचार चल रहा है। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

तरुष की सफीपुर कस्बे में गौड़ शूज हाउस के नाम से जूते-चप्पलों की बड़ी दुकान है। इसके अलावा लखनऊ में भी उनका शोरूम बताया गया है। परिवार को अब भी बेटे के सकुशल मिलने की उम्मीद है। उधर, समाचार लिखे जाने तक गंगा में तलाश अभियान जारी था।

देर रात तक जारी रहा तलाश अभियान

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) की टीम सहित स्थानीय गोताखोरों ने गंगा में उतरकर लापता तरुष गौड़ की तलाश शुरू की। देर रात तक लगातार खोजबीन का अभियान चलाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका था। परिजन घटनास्थल पर डटे हुए हैं और बेटे के मिलने की आस लगाए बैठे हैं।

नगर पालिका सभागार में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका सभागार में शुक्रवार को जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस पर आधा सैकड़ा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि द्वितीय चरण में नागरिक 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वयं अपने परिवार की स्व-गणना कर सकेंगे। इसके बाद 1 दिसंबर से 4 जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर 40 महत्वपूर्ण प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र करेंगे।मास्टर ट्रेनर पीयूष कुमार ने विस्तार से बताया कि जनगणना के दौरान मकानों में रह रहे व्यक्तियों की गणना कैसे की जाएगी। उन्होंने सामान्य परिवार, संस्थागत परिवार और बेघर परिवार के अंतर को स्पष्ट करते हुए गणना की प्रक्रिया समझाई। वहीं मास्टर ट्रेनर नीरज कुमार ने नजरी नक्शा तैयार करने की विधि और जनगणना के लिए तैयार किए गए जनगणना प्रशिक्षण पीई ऐप को डाउनलोड कर उपयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार नागरिकों से 40 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें मुख्य रूप से व्यक्ति का नाम, जन्मतिथि, आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, विवाह के समय उम्र, मातृभाषा, शिक्षा, व्यवसाय, जन्म स्थान, जीवित बच्चों की संख्या, बैंक खाता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, मतदाता पहचान पत्र संख्या, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसी जानकारियां शामिल हैं। प्रशिक्षण में शिवाना दीक्षित, मिथिलेश कुमारी, रंजना, संतोष सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, ठाकुर प्रसाद, सुभाष कुमार, कौशलेंद्र पाल, अमित कुमार, लक्ष्मी गुप्ता, विजय कुमार, सुधा यादव, कामिनी, संध्या अवस्थी, अभिषेक तिवारी, मीना, जितेंद्र सिंह, शिशिर यादव सहित करीब 50 प्रतिभागी मौजूद रहे।

राजकीय पॉलीटेक्निक में सरदार पटेल जयंती पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को राजकीय पॉलीटेक्निक दही चौकी में सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र विकास योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। लखनऊ के लोक भवन सभागार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन एवं युवाओं से संवाद का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज शामिल हुईं। उन्होंने कौशल विकास एवं रोजगार से जुड़े कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान संस्थान की ओर से उनका स्वागत किया गया। अंत में कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ.अजय कुमार दुबे ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वैभव किशोर यूसरा सिद्दीकी प्रियंका वेद प्रकाश सीमा पटेल, संजय यादव सहित संस्थान के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेलवे फाटक 31 दिसंबर तक बंद

भारी और हल्के वाहनों के लिए तय हुआ डायवर्जन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर रेलखंड पर जीतियापुर-अजगैन रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेलवे फाटक संख्या 23 को 31 दिसंबर तक पूरी तरह बंद रखा जाएगा। यहां निमार्णाधीन दो लेन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य कराया जाना है। सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने एक अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक फाटक से सभी प्रकार के यातायात का आवागमन बंद करने का आदेश जारी किया है।

जिलाधिकारी उन्नाव की ओर से 27 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुसार रेलवे फाटक संख्या 23 किलोमीटर 38/5-7 (रेलवे मार्ग डी-स्पेशल) पर निर्माण कार्य चल रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक नरेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गर्डर लॉन्चिंग कार्य के दौरान रेलवे फाटक बंद रखने और यातायात डायवर्जन की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया था। इस पर लोक निर्माण विभाग, एसडीएम हसनगंज और क्षेत्राधिकारी हसनगंज की रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने अनुमति प्रदान की है।

भारी और हल्के वाहनों के लिए अलग-अलग रास्ते

प्रशासन की ओर से जारी व्यवस्था के तहत भारी वाहनों को अजगैन कोतवाली से कानपुर की ओर लगभग 1.530 किलोमीटर दूर लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार लेपित मार्ग से निकाला जाएगा। वहीं हल्के वाहनों को अजगैन कोतवाली से लखनऊ की ओर लगभग 0.850 किलोमीटर दूर वैकल्पिक लेपित मार्ग से आवागमन कराया जाएगा।

रेलवे फाटक बंद रहने के दौरान वैकल्पिक मार्गों से यातायात संचालित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को डायवर्जन व्यवस्था का पालन कराने और निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सेवा निवृत्त हुए दो कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई दशकों तक अपनी सेवाएं देने वाले वार्ड ब्वाय शिव शंकर यादव और चौकीदार विश्वास नारायण बाजपेई शुक्रवार को सेवा निवृत्त हो गए। इस अवसर पर सीएचसी परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन कर दोनों कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. सागर पटेल, डॉ. सुनील राठौर, डॉ. आफताब अहमद, डॉ. पीयूष मिश्रा, फार्मासिस्ट संदीप त्रिपाठी, आर बी राजपूत, प्रेम सिंह, गार्ड संजय गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधीक्षक ने कहा शिव शंकर और विश्वास नारायण ने अपना पूरा जीवन स्वास्थ्य सेवा को समर्पित किया है। इनकी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता हम सभी के लिए प्रेरणा है। विभाग इनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। हम इनके स्वस्थ और सुखमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ हुआ।

कार नाले में पलटी पांच लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ओवरटेक करने के प्रयास में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे एनएचएआई द्वारा खोदे गए नाले में जा पलटी। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार का दरवाजा तोड़कर अंदर फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने बृजेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। लखनऊ के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के न्यू ग्रोडा अमौसी निवासी सुजीत कुशवाहा पुत्र गंगा प्रसाद कुशवाहा, नीतांशु पुत्र नरेश (28) अरुण पुत्र मुन्नीलाल रावत (27) संदीप शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा (31) और बृजेश (28) शनिवार सुबह कार से कानपुर रामादेवी की ओर जा रहे थे। रोडवेज वर्कशॉप मोड़ से लगभग 200 मीटर आगे उनकी कार पहुंची। इसी दौरान चालक ने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। तभी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे एनएचएआई की ओर से खोदे गए नाले में जाकर पलट गई।

हादसे के बाद कार में सवार पांचों लोग अंदर फंस गए। घटना देखकर आसपास मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद कार का दरवाजा तोड़कर सभी पांचों लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उपचार के दौरान बृजेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य चार घायलों प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

बृजेश की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटी कार को सीधा कराकर नाले से बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हुए थे। जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

एटीएम मशीन खराब होने से उपभोक्ताओं को हो रही भारी परेशानी

एटीएम मशीन खराब होने से उपभोक्ताओं को हो रही भारी परेशानी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद नगर में बैंकिंग सुविधाओं को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कस्बे में स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में लगी एकमात्र एटीएम मशीन खराब होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एटीएम मशीन बंद रहने से नकदी निकालने के लिए पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। नगर में स्थित बैंक ऑफ इंडिया में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केवल एक ही एटीएम मशीन लगाई गई है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि यह मशीन भी खराब होने के चलते काम नहीं कर रही है। ऐसे में जिन खाताधारकों को अपने जरूरी कामों के लिए तत्काल नकदी की आवश्यकता होती है, उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

कस्बे के तमाम लोग बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम पर इस उम्मीद से पहुंचते हैं कि उन्हें आसानी से नकदी मिल जाएगी और बैंक की लंबी कतारों में खड़े होने से छुटकारा मिलेगा। लेकिन एटीएम मशीन खराब मिलने पर उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ता है। इससे न केवल उनका समय बर्बाद होता है, बल्कि जरूरी काम भी प्रभावित होते हैं। गौरतलब है कि आज के समय में एटीएम मशीन बैंकिंग व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। लोग छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए एटीएम के माध्यम से नकदी निकालते हैं। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, व्यापारियों और दूरदराज के गांवों से आने वाले खाताधारकों के लिए एटीएम की सुविधा काफी महत्वपूर्ण होती है। इसके बावजूद कस्बे में एकमात्र एटीएम मशीन का खराब रहना बैंकिंग सुविधाओं पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि जब बैंक द्वारा एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है तो उसका नियमित संचालन और रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। एटीएम मशीन खराब होने के कारण लोगों को अपनी ही जमा पूंजी निकालने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कस्बे के उपभोक्ताओं ने बैंक ऑफ इंडिया के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराते हुए मांग की है कि खराब पड़ी एटीएम मशीन को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि खाताधारकों को राहत मिल सके। साथ ही गंजमुरादाबाद जैसे प्रमुख कस्बे में उपभोक्ताओं की संख्या को देखते हुए एक अतिरिक्त एटीएम मशीन लगाए जाने की भी व्यवस्था की जाए। अब देखना यह है कि बैंक के जिम्मेदार अधिकारी उपभोक्ताओं की इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हैं और उन्हें एटीएम की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कब तक आवश्यक कदम उठाते हैं।

सरदार पटेल की जयंती पर गूंजा राष्ट्रीय एकता का संदेश, सर्वोदय विद्यालय में निकली रन फॉर यूनिटी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। देश की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शनिवार को जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, न्योतिनी में राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संकल्प के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र एवं शिक्षकगण ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दौड़ के माध्यम से विद्यार्थियों को आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और देश की एकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र- शिक्षकगण को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता के बल पर देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका जीवन हम सभी के लिए राष्ट्रसेवा, समर्पण और एकता की प्रेरणा है।

वक्ताओं ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जाति, धर्म और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना त्रिपाठी, मनोज कुमार, ऋतिक चौरसिया सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक को लाठी डंडों से पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर बाद पुराने बिवाद की खुन्नस को लेकर युवक के साथ गाली-गलौज करने लगे बिरोध किया तो डंडे और लात घूसे से जमकर पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया पीडित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामित दो अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। माखी थाना क्षेत्र के बीरम पुर गांव निवासी अंजनी कुमार पुत्र ईश्वरी प्रसाद मौर्य ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार की दोपहर बाद रसूलाबाद मुंशी गंज मोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास वह खड़ा हुआ था तभी पुराने बिवाद की खुन्नस को लेकर आसीवन थाना क्षेत्र के लच्छा खेडा गांव निवासी हिमांशू सिंह, रजत सिंह निवासी कमला पुर और दो अज्ञात लोगों ने घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे बिरोध करने पर चार ने डंडे और लात घूसे से जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पीडित की तहरीर पर दो नामित और दो अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

पांच शातिर टप्पेबाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। महिलाओं को बातों में उलझाकर नशीला पदार्थ सुंघाकर जेवरात उड़ाने वाले अंतर्राज्यीय टप्पेबाज गिरोह पर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर और सर्विलांस की मदद से 5 शातिर टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब साढे 5 लाख कीमत के 40 ग्राम सोने के जेवरात कीमत बरामद किए हैं।

कोतवाली पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुखबिर की सूचना पर आज शनिवार पुलिस टीम ने बिल्हौर मार्ग पर कल्याणी नदी पुल के पास से घेराबंदी कर 5 आरोपियों को धर दबोचा है।

मालूम हो कि गिरोह ने गत 18 अक्टूबर को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छोटी जमुनिहा निवासी छेदाना उर्फ कुसमा को अपना शिकार बनाया था। आरोपियों ने पीछा कर महिला को बातों के मोह जाल में फंसाया, नशीला पदार्थ सुंघाया और उसके हाथ से तीन अंगूठी व पर्स में रखी सोने की चेन और पेंडल उतरवा लिया। इसी तरह की वारदात उन्होंने उन्नाव शहर और फरुर्खाबाद फतेहगढ़ में भी की थी।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जानबूझकर गैंग में एक महिला को साथ रखते हैं ताकि किसी को उन पर शक न हो और वे आसानी से महिलाओं को बहला-फुसलाकर ठगी कर सकें। यह गिरोह यूपी के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड में भी सक्रिय था।

गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम हरीश उर्फ कालिया पुत्र राम उर्फ विष्णु , रवि राठौर पुत्र प्रहलाद , प्रेम राठौर पुत्र हीरालाल , प्रेम सोलंकी पुत्र पूरन सोलंकी , देवी उर्फ गुड़िया पत्नी मोहन निवासीगण रघुवीर नगर, ख्याला, नई दिल्ली बताया है। आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

सम्पादकीय

डिजिटल करंसी की बड़ी कमजोरी उजागर

डिजिटल अर्थव्यवस्था के दौर में क्रिप्टोकरेंसी को भविष्य की मुद्रा और वित्तीय लेन-देन की नई क्रांति के रूप में पेश किया जाता रहा है। दावा किया जाता है कि ब्लॉकचेन तकनीक पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था से अधिक पारदर्शी, तेज और सुरक्षित है। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस से महज 20 मिनट में 6.3 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपये की क्रिप्टो संपत्ति चोरी होना डिजिटल करेंसी की गंभीर खामियों को उजागर करता है। यदि इतनी बड़ी डिजिटल व्यवस्था में सेंध लग सकती है तो छोटे निवेशकों की पूंजी की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? यह घटना केवल एक कंपनी की सुरक्षा में चूक का मामला नहीं, बल्कि तेजी से फैलते क्रिप्टो बाजार की संरचनात्मक कमजोरियों का संकेत है। खबरों के मुताबिक, साइबर हमलावरों ने बाइनेंस के ट्रांजेक्शन वॉलेटेड्स को निशाना बनाया। कंपनी ने एहतियातन निकासी पर रोक लगाई और ग्राहकों को संभावित नुकसान की भरपाई का भरोसा दिया है। सुरक्षा जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस और साइबर विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है। ब्लॉकचेन रिसर्च फर्म टीआरएम लैब्स ने इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों की भूमिका का दावा किया है। बाइनेंस ने करीब तीन अरब डॉलर यानी लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की डिजिटल संपत्तियां फ्रीज करने की जानकारी दी है। यह कार्रवाई बताती है कि डिजिटल दुनिया में चोरी की गई संपत्ति को रोकना संभव है, लेकिन उसे वापस हासिल करना आसान नहीं। वर्ष 2025 में बायबिट एक्सचेंज से 1.5 अरब डॉलर और 2022 में रोनिन नेटवर्क से 62.5 करोड़ डॉलर की चोरी हुई थी। इसके अलावा यजीरएक्स में भी करोड़ों की चोरी हो चुकी है। बाइनेंस से कथित 6.3 अरब डॉलर की चोरी इन दोनों घटनाओं से कहीं बड़ी है। यदि यह आंकड़ा जांच में पुष्ट होता है तो इसे क्रिप्टो बाजार की सबसे बड़ी सेंधमारी में गिना जाएगा। इस घटना के बाद बिटकॉइन सहित कुल क्रिप्टोकरेंसी में पांच प्रतिशत से अधिक गिरावट भी दर्ज होने की खबर है। बाइनेंस के 100 से अधिक देशों में 30 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इनमें अनुमानित दो से ढाई करोड़ भारतीय भी शामिल हैं। कंपनी का आश्वासन अहम है, लेकिन निवेशक का भरोसा केवल बचाव से नहीं, पारदर्शी जांच और नुकसान की वास्तविक भरपाई से कायम होगा। निवेशकों को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि डिजिटल संपत्ति होने के कारण उनका पैसा सुरक्षित हो जाता है। क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट, नियमित खुलासा, पर्याप्त रिजर्व, मजबूत साइबर सुरक्षा और आपात स्थिति में ग्राहकों के हितों की रक्षा के स्पष्ट नियम जरूरी हैं। एक्सचेंजों को अपनी संपत्तियों और ग्राहकों की देनदारियों का नियमित सत्यापन कराना चाहिए। तकनीक अपने आप में न सुरक्षित होती है, न असुरक्षित; उसकी विश्वसनीयता उसे संचालित करने वाली व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और जवाबदेही से तय होती है। क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में विकेंद्रीकरण और स्वतंत्रता के बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन संकट के समय निवेशक उसी एक्सचेंज और उसकी व्यवस्था पर निर्भर हो जाता है। बाइनेंस प्रकरण का सबसे बड़ा सबक यही है कि डिजिटल मुद्रा का भविष्य केवल तकनीकी नवाचार से नहीं, बल्कि मजबूत सुरक्षा, पारदर्शिता और निवेशक संरक्षण से तय होगा। सरकारों और नियामक संस्थाओं को भी इसे केवल निवेश का नया विकल्प मानने के बजाय वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी चुनौती के रूप में देखना होगा। भरोसा टूटने पर दोबारा बनाने में वर्षों लगते हैं।

तीसरी बार भाजपा सरकार का संकल्प, लेकिन नेतृत्व पर खामोशी क्यों?

योगी आदित्यनाथ के कार्यों की अमित शाह ने की सराहना, फिर भी 2027 में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सियासी अटकलें तेज

लेखक --- डॉ0 राजकुमार सिंह चौहान

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजनीति में वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव अभी भले ही कुछ दूरी पर हो, लेकिन उसकी राजनीतिक बिसात बिछनी शुरू हो गई है। सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक सभी दल अपनी-अपनी रणनीतियों को धार देने में जुटे हैं। इसी राजनीतिक पृष्ठभूमि में बीते 29 अक्टूबर को लखनऊ में संपन्न हुई भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक ने कई महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत दिए हैं। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प तो दोहराया गया, लेकिन जिस सवाल पर राजनीतिक गलियारों में सबसे अधिक चर्चा हो रही है, वह है—क्या वर्ष 2027 में भी भाजपा की चुनावी कमान और उसके बाद सरकार की बागडोर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ही हाथों में होगी?

कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था, विकास कार्यों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में हुए बदलावों की सराहना की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। प्रदेश में भाजपा की राजनीतिक स्थिति को मजबूत बताते हुए उन्होंने यहां तक कहा कि भाजपा अंगद के पांव की तरह मजबूती से खड़ी है, जिसे कोई हिला नहीं सकता। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी अपने संबोधन में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने का विश्वास व्यक्त किया। निश्चित रूप से यह बयान पार्टी के आत्मविश्वास और संगठन की चुनावी तैयारियों का परिचायक है। लेकिन इन तमाम बड़े नेताओं के संबोधनों के बीच एक राजनीतिक सवाल अनुत्तरित रह गया। किसी भी वरिष्ठ नेता ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा और जीत मिलने के बाद वही पुनः मुख्यमंत्री होंगे।

आखिर नेतृत्व के सवाल पर यह खामोशी क्यों?

राजनीति में जितना महत्व बोले गए शब्दों का होता है, कई बार उससे कहीं अधिक महत्व उन शब्दों का होता है, जिन्हें जानबूझकर नहीं बोला जाता। अमित शाह जैसे रणनीतिकार और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जैसे संगठन के महत्वपूर्ण पदाधिकारी जब तीसरी बार भाजपा सरकार बनने का दावा करते हैं, लेकिन नेतृत्व के सवाल पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं करते, तो राजनीतिक विश्लेषकों के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है। यह भी सच है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में भाजपा का एक मजबूत और प्रभावशाली चेहरा हैं। उनकी पहचान केवल एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि कठोर प्रशासनिक निर्णयों, कानून-व्यवस्था, धार्मिक-सांस्कृतिक मुद्दों और अपनी अलग राजनीतिक कार्यशैली के कारण भी बनी है। उनके समर्थकों का मानना है कि प्रदेश में भाजपा की लगातार दो बार सरकार बनने में उनके नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे में यदि पार्टी तीसरी बार सत्ता में लौटने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो स्वाभाविक रूप से कार्यकर्ताओं के मन में यह अपेक्षा होगी कि नेतृत्व को लेकर भी स्थिति स्पष्ट हो।

क्या योगी की स्थिति शिवराज सिंह चौहान जैसी हो सकती है?

इस पूरे घटनाक्रम के बीच मध्य प्रदेश की राजनीति का उदाहरण भी चर्चा में आने लगा है। कभी मध्य प्रदेश में भाजपा का सबसे बड़ा चेहरा रहे शिवराज सिंह चौहान ने लंबे समय तक मुख्यमंत्री के रूप में सरकार चलाई। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दोबारा नहीं बैठाया गया और पार्टी ने डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंप दी। अब उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में कुछ कार्यकर्ता इसी उदाहरण के आधार पर सवाल उठा रहे हैं कि क्या वर्ष 2027 में भाजपा की जीत के बाद योगी आदित्यनाथ के साथ भी ऐसा ही कोई राजनीतिक प्रयोग हो सकता है? क्या चुनाव में नेतृत्व की भूमिका और चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के चयन को पार्टी अलग-अलग विषय मानकर चल सकती है?

हालांकि अभी इस तरह की किसी संभावना की पुष्टि नहीं हुई है और मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां भी एक जैसी नहीं हैं। लेकिन कार्यकर्ताओं के बीच इस प्रकार की चर्चाओं का उठना अपने आप में पार्टी नेतृत्व के लिए विचारणीय विषय अवश्य है।

भाजपा के सामने दोहरी चुनौती

भाजपा के लिए वर्ष 2027 का चुनाव केवल सत्ता में वापसी का चुनाव नहीं होगा, बल्कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं के सम्मान और नेतृत्व के प्रति विश्वास की भी परीक्षा होगी। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राजनीतिक प्रदेश में चुनावी विजय के लिए केवल केंद्रीय नेतृत्व की रणनीति या सरकार की उपलब्धियां पर्याप्त नहीं होतीं, बल्कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का उत्साह और नेतृत्व के प्रति उनका भरोसा भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है।

यदि पार्टी योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना करती है, उनके प्रशासनिक मॉडल को अपनी उपलब्धि बताती है और उनके नेतृत्व में प्रदेश में हुए बदलावों को चुनावी मुद्दा बनाती है, तो फिर नेतृत्व के सवाल पर स्पष्टता से परहेज क्यों? आखिर जिस चेहरे के कामकाज की चर्चा करके जनता के बीच समर्थन मांगा जाएगा, उसके राजनीतिक भविष्य को लेकर असमंजस क्यों बना रहे?

यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि भाजपा एक अनुशासित संगठनात्मक पार्टी है और मुख्यमंत्री का चयन अंततः पार्टी का संसदीय बोर्ड तथा शीर्ष नेतृत्व करता है। लेकिन लोकतांत्रिक राजनीति में कार्यकर्ताओं की भावनाओं और जनमानस की अपेक्षाओं की अनदेखी भी नहीं की जा सकती।

सवाल अभी बाकी है...

29 अक्टूबर की कार्यसमिति बैठक ने भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने की मंशा और आत्मविश्वास को तो सामने रख दिया, लेकिन नेतृत्व के सवाल पर राजनीतिक चर्चाओं के लिए भी पर्याप्त जगह छोड़ दी। क्या यह केवल संगठनात्मक मर्यादा के तहत नेतृत्व के नाम की घोषणा से बचने की रणनीति थी या इसके पीछे भविष्य की कोई बड़ी राजनीतिक योजना है? क्या भाजपा वर्ष 2027 का चुनाव योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर लड़ेगी अथवा चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री के चयन के लिए कोई नया राजनीतिक समीकरण सामने आएगा?

इन सवालों का जवाब फिलहाल भविष्य के गर्भ में है। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश केवल एक राज्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक भूमि है। यहां की जीत का प्रभाव देश की राजनीति पर भी पड़ता है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व को यह समझना होगा कि चुनावी नारा 'तीसरी बार भाजपा सरकार' कार्यकर्ताओं को उत्साहित जरूर करता है, लेकिन उस सरकार के नेतृत्व को लेकर स्पष्टता उनके आत्मविश्वास को और मजबूत कर सकती है। क्योंकि राजनीति में केवल जीत का लक्ष्य तय करना पर्याप्त नहीं होता, यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि उस जीत की जिम्मेदारी किस नेतृत्व के कंधों पर होगी।

अंततः 2027 की चुनावी लड़ाई में भाजपा का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रश्न यही है—क्या तीसरी बार भाजपा सरकार के साथ तीसरी बार योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री भी होंगे, या चुनावी विजय के बाद उत्तर प्रदेश में भी कोई नया राजनीतिक अध्याय लिखा जाएगा?

फिलहाल लखनऊ की राजनीतिक फिजाओं में यह सवाल लगातार तैर रहा है और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की खामोशी ने इस चर्चा को और अधिक दिलचस्प बना दिया है।

(लेखक हिंदी दैनिक अमन लेखनी के प्रधान संपादक एवं वरिष्ठ राजनेता हैं)

जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज

राष्ट्रीय एकता व अखंडता के सुदृढ़ स्तंभ सरदार पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर कृषक परिवार में हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने स्वाध्याय के माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की। 1910 में ये मिडिल टेम्पल लंदन में अध्ययन करने के लिए गए। उच्च सम्मान के साथ वहां पर दो वर्ष तक रहकर परीक्षा उत्तीर्ण की। 1913 में पुनः भारत लौटे। अहमदाबाद में रहकर वकालत के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े। अपनी दक्षता तथा दृढ़ परिश्रम के बल पर आपराधिक कानून के अग्रणी बैरिस्टर बनकर उभरे। 1917 से 1924 तक पटेल जी अहमदाबाद नगर पालिका के आयुक्त रहे तथा 1924 से 1928 तक नगर पालिका अहमदाबाद के अध्यक्ष भी रहे। सन 1928 में बारडोली सत्याग्रह में वल्लभ पटेल ने जमींदारों और किसानों के आंदोलन का दृढ़तापूर्वक नेतृत्व किया, जिससे उनकी ख्याति पूरे भारत में राष्ट्रवादी नेता के रूप में होने लगी। अंग्रेज सरकार ने किसानों के लगान में 22% की वृद्धि की थी, जिसके विरोध में पटेल के नेतृत्व में यह बारडोली का किसान आंदोलन विशाल रूप लेकर उभरा। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए परंतु लौह पुरुष पटेल के आगे अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा। इस सत्याग्रह आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को किसानों का 'सरदार' की उपाधि दी, जो हमेशा के लिए उनके नाम के साथ जुड़ गई। बारडोली के आंदोलन के सफल नेतृत्व तथा सरदार की उपलब्धि ने पटेल जी को गांधी के बाद भारत का दूसरा प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बना दिया। अंग्रेज सरदार पटेल को अपने सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में मानते थे। पटेल को स्वाक्तंबन, दृढ़ परिश्रम, आत्म संयम जैसे गुण बचपन से ही परिवार की विरासत में मिले थे। अपनी कार्यशैली तथा फौलादी व्यक्तित्व के कारण सरदार पटेल भारतीय जनमानस की पहली पसंद थे। सरदार पटेल का नाम तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय समितियों के माध्यम से भेजा गया परंतु महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के प्रति अपना स्नेह होने के कारण सरदार पटेल को पीछे रखकर नेहरू को अध्यक्ष बनाया। सरदार पटेल

निष्काम, निस्स्वार्थ भाव से भारत वर्ष की स्वतंत्रता को समर्पित थे। उन्होंने सदैव गांधी के द्वारा चलाए गए सभी आंदोलन में अपना योगदान दिया। सरदार पटेल एक प्रतिष्ठित वकील, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा ओज व्यक्तित्व उनके विशेष गुण थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि के बल पर इन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वल्लभ जी ऐसे मुकदमे लड़ते थे जिनमें निर्दोष को फंसाया गया हो तथा जिसे अपने अकाट्य तर्कों से काटा जा सके। महात्मा गांधी भी सरदार पटेल के फौलादी व्यक्तित्व से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की थी। इतिहासकारों ने पटेल को बिस्मार्क ऑफ इंडिया का नाम दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वल्लभ जी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री जैसे पदों पर सुशोभित रहे। सन 1947 में भारत तो आजाद हो गया था परंतु सबसे बड़ी समस्या जो अंग्रेज चालाकी से छोड़ गए थे, वह थी बिखरी हुई 562 रियासतें। इन सभी रियासतों को भारतीय गणराज्य में विलय करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। वल्लभ भाई पटेल ने इस कार्य को अपने हाथों में लिया और अपने सचिव वीपी मेनन के साथ मिलकर राजवाड़ों की रियासतों का अंतिम समाधान करने का निश्चय किया। अपनी सूझबूझ और विवेक के द्वारा राजवाड़ों को पेंशन तथा अन्य लाभ देकर इन्होंने हटा दिया परंतु प्रतिरोध करने वाली रियासतों में मुख्य रूप से जूनागढ़, कश्मीर तथा हैदराबाद यह तीन प्रमुख थे। जूनागढ़ में जनमत संग्रह करवा कर इन्होंने भारत में शामिल करवाया। कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह स्वतंत्र रूप से अलग रहना चाहते थे

क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है

संकलित

दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब ये न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए

संकलित

प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार तो मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। वे पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी ने प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब मैं वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

घुएं वाली दिवाली से बचें

सबों खिलतें मिट्टी के बीचे की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास व रिश्तों के अपनत्व के साथ मनाई जाती थी। आज भी यह परिदृश्य कहीं कहीं देखा जा सकता है। लेकिन अब समय बदल चुका है और लोग दिवाली के दिन खूब पटाखे जलाते हैं। हमारे शहरों और प्रदूषण फैल जाता है। महानगर में तो सांस लेना भी कठिन हो जाता है। कुछ हद तक पटाखे जलाने की छूट है, लेकिन हमारा सहयोग यह कहीं कि खोया में ही पटाखे जलाया जाए। हमें दिवाली इस तरह मनानी चाहिए कि बूढ़े और बीमार लोगों को कोई तकलीफ न हो।

- रविंद्र जोशी, बिलासपुर

ट्रेंड

उद्देश्यपूर्ण नवाचार

कनाडाबेस्ड सिख भारत बेवाइन बैंडिंग एंड रिसर्च सेंटर' प्रधानमंत्री के दौरे से जोड़कर आए तमाकलापों को दर्शाता है। यह कहीं से एक उद्देश्यपूर्ण नवाचार है, जो हमारे रिश्तों के लिए अहिंसा सहिंदे सुनिश्चित करता है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सांस्कृतिक विरासत

राष्ट्रीय राजधानी में स्थित लोक कला, लोक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विविधता पहचान का एक सुंदर प्रतीक है। यह इंडिया दिल्ली और लोक के बीच सहरे संबंधों, प्रशासनिक सहयोग और आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत करेगी। -रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का हिस्सा

चुनाव है सर-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन हार के बाद उकसाना पिलाना और सोशलिक लड़ाई को देश देना दुर्भाग्यपूर्ण है। यही कारण है कि आज देश की जनता ने बहुत सोची और समझ से फैसला दिया है, और भविष्य में भी जनता ही उनके जवाब देगी।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

सिन्हा का निधन दुःखद

वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यपाल सतपाल महाराज के निधन का निधन अत्यंत दुःखद है। वे जातीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक, संगठन की विचारधारा और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहे। दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

- अनिल प्रधान, सांसद, अलवर

करंट अफेयर

किम ने दिया ड्रोन तकनीक के तेजी से विस्तार का निर्देश

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश की ड्रोन तकनीक का तेजी से विस्तार करने का आह्वान किया है, साथ ही विभिन्न हथियारों के परीक्षणों का आयोजन भी किया। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच भारी सैन्य तनाव चल रहा है। उनका ड्रोन तकनीक हासिल करना किम की प्राथमिकताओं में शामिल है, और वह अब उत्तर कोरिया की पारंपरिक सैन्य क्षमता के साथ-साथ परमाणु हथियारों की ताकत भी बढ़ाना चाहते हैं। जिसेखों का कहना है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में सहयोग के लिए भेजे गए

ऑफ बीट

डॉक्टर से पहले चैटजीपीटी से पूछते है सेहत संबंधी सवाल

स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए चैटजीपीटी या अन्य बड़े भाषा मॉडल जनरल चैटबॉट का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह तेजी से बढ़ रहा है। भले ही आधा एआई चैटबॉट का इस्तेमाल न करते हों, लेकिन गुजरात पर कुछ ओजले पर तो आधार आबादी एआई की ओर से तैयार किया गया सहायक सिस्टम देख रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इसका मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं पर क्या असर पड़ रहा है और इस प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित तथा प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है? लोग स्वास्थ्य संबंधी सलाही के लिए एआई चैटबॉट का इस्तेमाल क्यों करते हैं।

संक्षेप

सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया

हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई, 22 लोगों को अंतिम चेतावनी

अमेठी ,बाजार शुकुल तहसील के सिधौली गांव में प्रशासन ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। यह कार्रवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर की गई। 22 लोगों को अंतिम चेतावनी भी दी गई। मामला शिकायतकर्ता अखिलेश की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत में ग्राम पंचायत की ऊसर, देवस्थान और अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित जमीन पर कब्जे की बात कही गई थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में अमेठी के जिलाधिकारी से जवाब मांगा था।कार्रवाई में तीन गाटा शामिल थे। गाटा संख्या 1029 की 0.051 हेक्टेयर ऊसर जमीन, गाटा संख्या 685 की 0.099 हेक्टेयर देवस्थान जमीन और गाटा संख्या 684 की 0.3790 हेक्टेयर अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित जमीन पर अतिक्रमण के मामले में चेतावनी दी गई। प्रशासन ने संतराम पाल, दिवाकर प्रसाद तिवारी, रामधनी, राजबहादुर और सुकई सहित अन्य लोगों के अतिक्रमण हटवाए। राजबहादुर और फूलमती के नाम भी अतिक्रमण के मामले में सामने आए हैं। प्रशासन ने कुल 22 लोगों को अंतिम चेतावनी जारी की। मुसाफिरखाना के तहसीलदार राहुल सिंह ने कहा कि ग्राम सभा की जमीन पर निर्माण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण या कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद हुई इस कार्रवाई के बाद प्रशासन की अगली कार्रवाई शेष अतिक्रमण के मामलों पर होगी

चक्रवाती तूफान से अमेठी में धान की फसल गिरी

कटी फसल पानी में भीगी; कृषि, राजस्व विभाग और बीमा कंपनियां नुकसान का सर्वे कर रही हैं

अमेठी ,चक्रवाती तूफान, तेज हवाओं और बेमौसम बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ है। खड़ी फसल गिर गई, जबकि कटी फसल पानी में भीग गई। नुकसान का आकलन करने के लिए सर्वे शुरू किया गया है। किसानों के मुताबिक, खेतों में खड़ी धान की फसल गिर गई है। कटाई के बाद घर ले जाने के लिए रखी फसल पानी में भीग गई। किसानों को आशंका है कि भीगी फसल सड़ सकती है। किसान रामदास यादव ने बताया कि बारिश और चक्रवात से फसल को नुकसान हुआ है। कुछ फसल गिरकर खराब हो गई, जबकि कुछ के सड़ने की आशंका है। उन्होंने सरकार से मुआवजे की मांग की।किसान रामसमुझ ने बताया कि फसल गिरकर जमीन से चिपक गई है और उसमें सीलन आ गई है। इससे कटाई में दिक्कत होगी।अमेठी के जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन ने बताया कि कृषि विभाग, राजस्व विभाग और बीमा कंपनियां फसल के नुकसान का सर्वे कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद किसानों को राहत सहायता दी जाएगी।

देशभक्ति के रंग में रंगा रुपईडीहा, नन्हे-मुन्नों ने प्रभात फेरी निकाल दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

सरदार पटेल अमर रहें के नारों से गूंज उठा नगर, हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे स्कूली बच्चे

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नगर पंचायत रुपईडीहा में देशभक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ प्रभात फेरी निकाली। सुबह से ही बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों ने सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें, भारत माता की जय और राष्ट्रीय एकता जिंदाबाद जैसे गगनभेदी नारों से पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया। बच्चों का जोश और देशभक्ति का जज्बा देखते ही बन रहा था।प्रभात फेरी के माध्यम से नन्हे-मुन्ने बच्चों ने लोगों को देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। सड़कों पर गूंजते देशभक्ति के नारों ने माहौल को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को सरदार पटेल के त्याग, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान से परिचित कराना तथा बच्चों के मन में देशप्रेम की भावना जागृत करना रहा।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ श्रीमती आलिया खातून, शीबा तरन्नुम, नोडल शिक्षक संकुल धर्मेंद्र श्रीवास्तव, श्वेता ,आनंद भूषण मिश्रा, मोहम्मद कौसर, फरीद अहमद, नीरज गुप्ता, राकेश प्रताप सिंह, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे.

सीओ और प्रभारी निरीक्षक सहित पुलिसकर्मियों ने सरदार पटेल को अर्पित किए श्रद्धासुमन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 को कैसरगंज कोतवाली परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।इस मौके पर सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही पुलिसकर्मियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज जीके श्रीवास्तव एवं कैसरगंज कोतवाली प्रभारी राजकुमार पांडेय सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के देश की एकता और अखंडता के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

जनगणना प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों को बताए गए 40 महत्वपूर्ण सवाल, जनगणना की बारीकियों से कराया गया रूबरू

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा के नवीन भवन में आगामी जनगणना 2027 को लेकर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक दी गईं। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने जनगणना में पूछे जाने वाले कुल 40 प्रश्नों के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही प्रत्येक प्रश्न का उद्देश्य, सही तरीके से जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया तथा मकान और परिवार से संबंधित विवरण एकत्र करने के तरीकों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को बताया कि जनगणना का कार्य बेहद जिम्मेदारी और सावधानी का है। इसमें दर्ज की जाने वाली प्रत्येक जानकारी का देश की विकास योजनाओं, सरकारी नीतियों और संसाधनों के उचित वितरण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। अधिकारियों ने सभी प्रशिक्षुओं से

जनगणना कार्य को गंभीरता से सीखने और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने की अपील की। जनगणना की तैयारी को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को दक्ष बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

सरदार पटेल की जयंती पर मनाया गया एकता दिवस, देश की एकता और अखंडता का दिया संदेश

क्रांति कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया संबोधित, मौलाना रिजवान अहमद मिस्बाही ने सरदार पटेल की जीवनी पर डाला प्रकाश

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर 2026 को मदरसा बरकाते रजा, मौजा तांडे चतुर, सराय कनहर में भव्य रूप से एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नेता क्रांति कुमार सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में क्रांति कुमार सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को देश लौह पुरुष के नाम से जानता है। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता से देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने लोगों को सरदार पटेल की जीवनी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। वहीं मौलाना रिजवान अहमद मिस्बाही ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, संघर्ष, देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें आपसी एकता, भाईचारे और राष्ट्रीय एकजुटता की सीख देता है। कार्यक्रम में मौलाना कलीम अहमद ने तराना-ए-हिंद सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। देशभक्ति से ओतप्रोत इस प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत टांडे चतुर के प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप कुमार धवन, प्रदीप वर्मा, मदरसा बरकाते रजा के प्रबंधक इस्लाम अली, मास्टर कमलेश कुमार वर्मा, पंडित शेषनाथ मिश्रा, शिराज अली कादरी प्राचार्य सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में एकता, भाईचारे और राष्ट्रीय अखंडता की भावना को मजबूत करना रहा।

सरदार पटेल की जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

श्रमिकों एवं व्यापारियों को दिलाई गई राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा की शपथ

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के क्रम में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, बहराइच में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के क्रम में कार्यालय सहायक श्रमायुक्त परिसर एवं गल्ला मंडी, बहराइच में सम्मानित व्यापारियों और श्रमिकों की सहभागिता से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सहायक श्रमायुक्त राजबहादुर यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और नेतृत्व क्षमता से देश की एकता एवं अखण्डता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

विद्यालय संस्थापक व आरएफओ ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य मे जिला गंगा समिति बहराइच के तत्वाधान मे स्वछता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत वन विभाग रुपईडीहा के सौजन्य से बाबागंज स्थित बाबू काशीराम बासमती देवी इंटर कॉलेज मे चित्रकला आलेखन, वाद विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के जरिये छात्रों मे वन, वन्य जीव सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण हेतु आम जन मानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत मे प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र व छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु वन क्षेत्र अधिकारी रुपईडीहा विवेक कुमार शुक्ला व जिला पंचायत सदस्य/विद्यालय प्रबंधक व संस्थापक संदीप जायसवाल रेनेता जीर के द्वारा संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह, व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक दुर्गेश जायसवाल, प्राचार्या श्रीमती वफा सलीम, विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारियों सहित वन विभाग के वन दरोगा अनंत राम, बिमल कुमार, ब्रह्मदेव, हरिओम गौतम आदि मौजूद रहे।

तालाब में उतराता मिला अधेड़ का शव, जांच मे जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। बीते शनिवार को रुपईडीहा थाने के भगवानपुर गांव के आगे उत्तर तरफ तालाब में एक अधेड़ का शव उतराता मिला है।

बिहार निवासी एक अधेड़ जिसे दिलजले के नाम से जाना जाता था, विगत दो-तीन वर्षों से भगवानपुर गांव में सिकंदर के यहां रहता था, बृहस्पतिवार को गांव वालों ने उसे मिट्टी लाते देखा था। तब से वह गांव में नहीं दिखाई पड़ा। ग्रामीणों को कहना है कि कुछ लोग धान की कटाई करने जा रहे थे, तभी तालाब के पास एक शव दिखाई पड़ा। सूचना पर आई रुपईडीहा पुलिस ने शव को पंचनामा करके पीएम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि मृतक का पता अज्ञात है, जानकारी कराई जा रही है।

घाघरा नदी के पावन तट पर चार नवम्बर को आयोजित होगा गंगा उत्सव कार्यक्रम

स्वच्छता अभियान, पौधरोपण के साथ आयोजित होगी गंगा आरती

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। नदियों के संरक्षण, स्वच्छता, अविरलता एवं निर्मलता के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने तथा नदी संरक्षण के अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उत्तर प्रदेश के दिशा-निर्देशों के क्रम में जिला गंगा समिति, बहराइच के तत्वावधान में ग्राम तप्पे सिपाह स्थित घाघरा नदी के घाट पर 04 नवंबर 2026 को अपरान्ह 05:00 बजे ग्राम तप्पे सिपाह स्थित घाघरा नदी के घाट पर जिला गंगा समिति, बहराइच के तत्वावधान में भव्य गंगा उत्सव, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण एवं गंगा आरती का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुंदरेशा ने बताया कि घाघरा नदी के तट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा नदी के तट पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विधिवत माँ गंगा की आरती होगी, जिसके माध्यम से नदियों के प्रति श्रद्धा, आस्था एवं उनके संरक्षण के महत्व को जनमानस तक पहुंचाया जाएगा। श्री संदरेशा ने बताया कि आयोजन में मा. जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जिला गंगा समिति के सदस्यों, सामाजिक संगठनों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता की जायेगी। जिला गंगा समिति द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें तथा नदियों को स्वच्छ, निर्मल एवं संरक्षित रखने का संकल्प लें।

अतिक्रमण करने वालों पर 28500 रुपए का जुर्माना

नगर निगम ने लक्ष्मी नगर में ठेले, टायर और प्रचार बोर्ड जब्त किए

अमन लेखनी समाचार

मथुरा ,सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई की। शनिवार को लक्ष्मी नगर क्षेत्र में प्रवर्तन दल ने अभियान चलाकर सड़क किनारे रखे सामान और अस्थायी अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के दौरान 28,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही ठेले, टायर और प्रचार बोर्ड समेत अन्य सामान जब्त किया गया। प्रवर्तन दल अधिकारी की मौजूदगी में हुई कार्रवाई के दौरान उन दुकानदारों को निशाने पर लिया गया, जिन्होंने सड़क और फुटपाथ पर सामान रखकर रास्ता घेर रखा था। टीम ने मौके पर अतिक्रमण हटवाया और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आर्थिक कार्रवाई की।मथुरा में सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई की मथुरा में सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई की।

सड़क और फुटपाथ पर रखा सामान हटवाया

नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी होती है। इससे यातायात भी बाधित होता है। अधिकारियों ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों और व्यस्त इलाकों में अभियान जारी रहेगा। दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जुमार्ना लगाने के साथ सामान जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

करंट लगने से महिला की मौत का आरोपी गिरफ्तार

लीलापुर पुलिस ने 63 वर्षीय अशोक मिश्र को पकड़ा; झटका मशीन और बिजली के तार बरामद

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़,लीलापुर थाना क्षेत्र में खेत में करंट लगने से महिला की मौत के मामले में पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर झटका मशीन और बिजली के तार भी बरामद किए। पुलिस के मुताबिक, घटना 22 सितंबर 2026 को नगरहन का पुरवा डाड़ी गांव में हुई थी। अशोक मिश्र उर्फ मुन्ना मिश्र ने अपने खेत में झटका मशीन के तार में बिजली का करंट प्रवाहित कर रखा था। इसी दौरान महिला तार की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। इस मामले में लीलापुर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 317/2026 के तहत बीएनएस की धारा 105 में केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, शनिवार 31 अक्टूबर को उपनिरीक्षक दीपक कुमार यादव टीम के साथ संदिग्ध लोगों और वांछित आरोपियों की तलाश कर रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने नगरहन का पुरवा डाड़ी में आरोपी के घर के पास से अशोक मिश्र उर्फ मुन्ना मिश्र (63) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने खेत में झटका मशीन के तार में करंट प्रवाहित करने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर घर के सामने बनी झोपड़ी से झटका मशीन, उससे जुड़े तार और बिजली कनेक्शन में इस्तेमाल लाल रंग का तार मिला।

अधिवक्ताओं ने शव रखकर प्रदर्शन किया

कुंडा तहसील गेट और मनगढ़ मार्ग पर जुटी भीड़, बुलडोजर कार्रवाई और 50 लाख मुआवजे की मांग

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,कुंडा तहसील में शनिवार को रास्ते के विवाद में जान गंवाने वाले एक अधिवक्ता का शव पहुंचते ही वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा। तहसील परिसर और मेन गेट पर वकीलों ने स्थानीय प्रशासन व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद प्रदर्शन शुरू हो गया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने कुंडा-मनगढ़ मार्ग पर शव रखकर यातायात बाधित कर दिया। वकीलों ने दोषियों को कड़ी सजा देने, उनकी कथित अवैध संपत्तियों पर तुरंत कार्रवाई करने, पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता प्रदान करने और परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत करने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर मौजूद कई थानों की पुलिस और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी लगातार प्रदर्शनकारी वकीलों को समझाने-बुझाने में जुटे रहे। प्रशासन द्वारा सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने और हर संभव आर्थिक मदद का आश्वासन दिया गया है। प्रदर्शनकारी अपनी अन्य प्रमुख मांगों के पूरी तरह माने जाने तक धरना-प्रदर्शन समाप्त न करने के रुख पर आड़े हैं।

मृतक के घर से शव को लेकर कुंडा तहसील पहुंचे

शनिवार सुबह 10 बजे बड़ी संख्या में अधिवक्ता मृतक के घर पहुंचे और शव को कुंडा तहसील ले आए। शव पहुंचते ही अधिवक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। पहले तहसील परिसर और फिर तहसील गेट पर सैकड़ों अधिवक्ताओं ने तहसील व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। अधिवक्ता ऊट और रढ को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद दोपहर 2:45 बजे अधिवक्ताओं ने कुंडा-मनगढ़ मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि आरोपियों का घर मृतक आशिक अली की जमीन पर बना है, जिसे तत्काल गिराया जाए।

संक्षेप

गाड़ी मोड़ने के विवाद में युवक पर हमला

घर में घुसकर कार तोड़ी, सिर पर तमंचे की बट से वार; तीन पर मुकदमा दर्ज

बागपत ,बाघु गांव में घर के बाहर गाड़ी मोड़ने को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि कुछ लोगों ने युवक के घर में घुसकर उसकी कार में तोड़फोड़ की और उसके सिर पर तमंचे की बट से हमला किया। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित दिनेश ने थाना बागपत में राजेंद्र ,सूरज और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। दिनेश के अनुसार, बुधवार की शाम वह घर के बाहर गाड़ी मोड़ रहा था। तभी राजेंद्र और सूरज अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचे और गाड़ी मोड़ने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि कुछ देर बाद राजेंद्र और सूरज अपने साथियों के साथ लोहे की रॉड लेकर आए और जबरन घर में घुस गए। उन्होंने घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ की। दिनेश ने विरोध किया तो आरोप है कि राजेंद्र ने तमंचे की बट से उसके सिर पर वार किया। इससे वह घायल हो गया। आरोपियों ने दिनेश और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। परिवार के लोगों ने पीड़ित का उपचार कराया और पुलिस से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की गई। कोतवाली प्रभारी मनोज चाहल ने बताया कि शुक्रवार शाम तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम काम कर रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

पुलिस पर फायरिंग करने वाले बदमाश को सजा

कोर्ट ने सुनाई 3 साल 1 महीने की कैद, 2 हजार का जुर्माना भी लगा

बागपत, जिले में पुलिस टीम पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपी हरीश उर्फ बिट्टू को दोषी ठहराते हुए 3 साल 1 महीने के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर 2,000 रुपये का अर्थदंड (जुमार्ना) भी लगाया गया है। सजा पाने वाला आरोपी मवीकला गांव का निवासी है।ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत हुई प्रभावी पैरवीअभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी अशोक सैनी ने बताया कि साल 2020 में आरोपी ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और विस्तृत जांच कर अदालत में आरोपी के खिलाफ मजबूत आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया था। सबूतों और गवाहों के आधार पर दोषी करार मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस और अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष पुख्ता सबूत और अहम गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें और साक्ष्य देखने के बाद अदालत ने हरीश उर्फ बिट्टू को पुलिस पर जानलेवा हमला करने का दोषी पाया और सजा का ऐलान किया।6 साल बाद आया फैसला, जारी रहेगा अभियानपुलिस प्रशासन के अनुसार, घटना के करीब 6 साल बाद यह फैसला आया है।'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत पुलिस और अभियोजन पक्ष द्वारा गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए न्यायालयों में मजबूती से पैरवी की जा रही है, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रहे।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती में जगह-जगह निकाली गई शिक्षा विभाग द्वारा रैली

लौह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बच्चों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की ली शपथ

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। देश की महान धरोहर के रूप में इतिहास के पन्नों में सुविख्यात महान विभूति लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती समूचे देश प्रदेश समेत फतेहपुर जनपद के अनेक क्षेत्रों में सभी विभागों सहित शिक्षा विभाग द्वारा मनाई गई जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र का कुशल मार्गदर्शन कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी के दिशा निर्देशन पर शिक्षा क्षेत्र के अनेक विद्यालय जैसे परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा अमौली प्राथमिक विद्यालय तारापुर बाबूपुर कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग बंबुरिहापुर सरहन खुर्द नारायणपुर समेत सभी शिक्षण संस्थानों में देश में अखंडता स्थापित करने वाले महापुरुष सरदार पटेल की जयंती भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ मनाई गई परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा में शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी की अगुवाई में बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली समूचे गांव में बच्चों ने भारत माता की जय सरदार पटेल अमर रहे आदि महापुरुषों के जमकर जयकारे लगाए वही विद्यालय प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने चढ बढ़ कर हिस्सा लिया विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया वहीं चित्रकला प्रतियोगिता भी संपन्न कराई गई सभी प्रतिभागी बच्चों को शिक्षकों ने स्वल्पाहार हेतु टिफिन तथा स्टेशनरी का सामान प्रदान करते हुए पुरस्कृत किया विद्यालय में मौजूद शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने सभी बच्चों के साथ मिलकर महापुरुष को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा अपने संबोधन में बच्चों को संदेश देते हुए बताया कि सरदार पटेल ने देश की अखंडता को सुरक्षित रखने हेतु महान योगदान दिया था जिसे हम सभी को आगे बढ़ाना है वहीं उपस्थित अन्य शिक्षक राजेश कुमार दीपा वर्मा आदि के साथ बच्चों ने शपथ ग्रहण किया ठीक इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय तारापुर में प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला की अगुवाई में विद्यालय के सभी बच्चों ने मिलकर सरदार पटेल जैसी महान विभूति को स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में पोस्टर बैनर के साथ बच्चों ने समूचे गांव में प्रभात फेरी निकाली जहां गांव की गलियां भारत माता की जय सरदार पटेल अमर रहे आदि जयकारों से गुंजायमान हो उठी वही विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को संदेश देते हुए बताया कि सरदार पटेल जैसी महान विभूति हमें केवल देश में स्वतंत्र रूप से रहने के लिए ही नहीं अपितु समूचे देश में अखंडता स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त कर गए उनके पद चिन्हों पर चलकर हम सभी अपने राष्ट्र को अखंड बनाएं वही विद्यालय में बच्चों ने सुंदर-सुंदर रंगोली चित्रकला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे देख पहुंचे ग्रामीण अभिभावक भाव विभोर हो उठे सभी ने मिलकर भारत माता की जय का जय घोष किया आए हुए सभी अतिथियों गणमान्य नागरिकों का विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला ने सादर आभार व्यक्त किया इसी प्रकार क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थाओं समेत सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में भी लौह पुरुष की 151वीं जयंती श्रद्धांजलि समारोह के रूप में जगह-जगह मनाई गई

अज्ञात बदमाशों ने आभूषण समेत नगदी किया फरार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मुरादपुर निवासी विद्यासागर उर्फ सोनू सोनकर के सूने मकान का ताला तोड़कर कुछ अज्ञात बदमाश अंदर घुस गए बेड के नीचे रखी अलमारी की चाबी निकाल लाकर तोड़कर सोने चांदी के आभूषण तथा 5000 रुपए नगद लेकर रफू चक्कर हो गए पीड़ित ने नजदीकी थाना कोतवाली बिंदकी में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना के समय पीड़ित के बड़े भाई कल्लू सोनकर अपनी छत पर थे जहां उन्होंने देखते ही जानकारी विद्यासागर को दी विद्यासागर गांव के ही अपने एक पुराने मकान में थे सूचना मिलते ही आनन फानन मौके पर पहुंचे परंतु तब तक कार सवार बदमाश गायब हो गए शोर मचाने पर काफी ग्रामीण इकट्ठा हो गए तथा बदमाशों का पीछा किया परंतु तब तक अज्ञात बदमाश काफी दूर निकल गए थे पीड़ित ने प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

दो बाइको में हुई भीषण भिड़ंत में बुजुर्ग की हुई मौत

भारतीय सेना से सेवानिवृत थे बुजुर्ग भगवत प्रसाद सूर्यवंशी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खनसेनपुर निवासी 63 वर्षीय सेवा निवृत फौजी भगवत प्रसाद सूर्यवंशी की एक बाइक दुर्घटना के पश्चात मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार मृतक भारतीय सेना से सेवानिवृत्त थे वह अपने गांव में खेतों में संचालित ट्यूबवेल से घर वापस आ रहे थे जहां बहादुरपुर गांव निवासी अरुण शर्मा की बाइक से उनकी भीषण टक्कर हो गई दोनों बाइकों के भिड़ंत में दोनों चालक गिरकर घायल हुए जहां सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे गंभीर रूप से घायल सेवानिवृत्त फौजी को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात कानपुर हैलट रेफर कर दिया परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही घायल फौजी की मौत हो गई वहीं अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने भी उन्हें मृत घोषित कर दिया यह सूचना मिलते ही पूरे परिवार में हाहाकार मच गया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि घायल अरुण शर्मा का भी इलाज अस्पताल में चल रहा है वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई

न्याय तो मिला नहीं पीड़िता की रोजी-रोटी भी छीन रहा जहानाबाद प्रशासन

पुलिस अधीक्षक का निर्देश भी एक ताक में रखकर थाना प्रभारी बना रहे पीड़िता पर दबाव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र कस्बे की असहाय विधवा पीड़िता रजिया पत्नी सब्बीर को प्रशासन लगातार इंसाफ देने में नाकाम नजर आ रहा है प्रशासन द्वारा की गई उगाही की शिकायत पीड़िता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बिंदकी समेत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कई बार कर चुकी जहां पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आधार पर क्षेत्राधिकारी बिंदकी को जांच दी गई थी एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी क्षेत्राधिकारी बिंदकी ने जहानाबाद थाना प्रभारी के ऊपर अपना पूर्ण रूप से रहमों करम बना रखा है पीड़िता ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि बेदखल किए गए अपने बेटे से पीड़ित होकर वह न्याय के लिए थाना जहानाबाद पहुंची थी जहां थाना प्रभारी द्वारा 50000 रुपए की मांग की गई समझौते के बाद पैसे का दबाव बनाया गया जिससे आहत होकर पीड़िता ने अपनी जेवर गिरवी रखकर 20000 रुपए प्रशासन को सौंपा वही बाकी बची धनराशि थाना प्रभारी द्वारा मांगी गई जिससे आहत होकर पीड़िता ने उच्च अधिकारी से शिकायत की यह खबरें लगभग 1 महीने से सोशल मीडिया समेत समाचार पत्रों पर लगातार प्रकाशित हो रही हैं उच्च अधिकारी ने भी पीड़िता का प्रार्थना पत्र स्वीकृत करते हुए मामले को ठंडा बस्ते में डाल दिया जहां न्याय न मिलते देख पीड़िता फतेहपुर पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंची वही पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने क्षेत्राधिकारी बिंदकी को जांच के आदेश दिए परंतु एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी बिंदकी क्षेत्राधिकारी ने कोई भी रिपोर्ट नहीं सौंपी वही इस मामले की पूरी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी जहानाबाद ने पीड़िता के जीविकोपार्जन पर भी अवरोध उत्पन्न किया पीड़िता ने बताया कि उसकी रोजी-रोटी उसके एक अविवाहित बेटे की मजदूरी से चलती है जहां बेटा कस्बे की एक कारखाने में मजदूरी करके अपनी मां का जीवन यापन कर रहा है प्रशासन ने संचालित कारखाने में पहुंचकर संचालक को उस मजदूर को हटाने का फतवा जारी किया यह एक बेहद शर्मनाक बात है फिलहाल पीड़िता अपने पेट के लिए दर-दर भटक रही है वहीं पीड़िता को स्वयं फतेहपुर प्रशासन अभी तक न्याय नहीं दे सका पीड़िता ने स्पष्ट रूप में बताया यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह कोई बड़ा कदम उठा सकती है जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रशासन का होगा

जहरीले सर्प ने युवती की छीनी जिंदगी हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मोहम्मदपुर में एक 13 वर्षीय किशोरी को जहरीले सर्प ने अपना शिकार बना लिया मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण किशोरी राखी पुत्री राजेंद्र प्रसाद यादव को एक जहरीले सर्प ने काट लिया जहां बेटी ने शोर मचाया और परिजन दौड़कर पास पहुंचे आनन-फानन जानकारी होते ही घर के लोगों ने किशोरी को मेडिकल कॉलेज फतेहपुर में भर्ती किया जहां उपचार के दौरान राखी की मौत हो गई यह सूचना मिलते ही समूचे परिवार में कोहरा मच गया वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई घटना की सूचना नजदीकी पुलिस प्रशासन को दी गई जहां सूचना मिलते ही पहुंचे थानाध्यक्ष गाजीपुर ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बीमारी से मौत की पुष्टि के बाद भी कमरे सील

मेरठ में बहन ने जताया था हत्या का अंदेशा, कल खुलेंगे दोनों रूम

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,45 वर्षीय मुकेश की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुकेश की मौत बीमारी के कारण हुई थी। इसके बावजूद पुलिस ने घर के उन दो कमरों की सील नहीं खोली है, जिन्हें मौत के बाद एहतियातन बंद कराया गया था। कमरों में परिवार के कपड़े और रोजमर्रा का जरूरी सामान रखा है। परिवार का मोबाइल फोन भी पुलिस के कब्जे में है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सुभाष नगर गली नंबर 3/1 निवासी मुकेश पुत्र प्रह्लाद सिंह की घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव घर के एक कमरे में पड़ा मिला था। घटना का पता उस समय चला, जब बुलंदशहर निवासी उसकी बहन सीमा भाई के घर पहुंची। सीमा ने बताया था कि उसे सपने में भाई के साथ अनहोनी होने का आभास हुआ था। इसी आशंका के चलते वह मेरठ पहुंची तो घर में मुकेश की मौत होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसने इसी मकान में रहने वाले अपने बड़े भाई मनोज और उसके परिवार पर हत्या का अंदेशा जताया था।

घर के कमरे सील कर लौटी पुलिस

बहन की ओर से हत्या की आशंका जताए जाने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया था। साथ ही घर के दो कमरों को सील कर दिया गया था इनमें एक कमरा वह था, जहां मुकेश का शव मिला था, जबकि दूसरा बड़े भाई मनोज का था। इस कमरे में परिवार का सामान रखा हुआ था। पुलिस ने दोनों कमरों को सील करने के साथ ही जाते समय मनोज के परिवार का मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लिया था रिपोर्ट आई लेकिन नहीं खुली कमरों की सील बुधवार को हुई मौत के बाद परिवार के बीच आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बन गई थी। बहन सीमा ने बड़े भाई मनोज और उसके परिवार पर हत्या का अंदेशा जताया था। ऐसे में पुलिस ने दोनों कमरों को सील कर दिया था। गुरुवार रात पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो मुकेश की मौत का कारण बीमारी बताया गया। एसएचओ सिविल लाइन गौरव विश्नोई ने भी इसकी पुष्टि की। पुलिस ने घर में रहने वाले परिवार को भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत का कारण बता दिया लेकिन दोनों कमरों की सील नहीं खोली।

जरूरी सामान बंद, मोबाइल भी नहीं मिला

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद परिवार को उम्मीद थी कि पुलिस दोनों कमरों को खोल देगी ताकि वह अपना सामान निकाल सके।

नरसी ने कोर्ट के सामने कपसाड़ कांड को किया बयां

पहले दिन चीफ की कार्रवाई में बयान कराए दर्ज, कपसाड़ केस का ट्रायल हुआ शुरू

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , चर्चित कपसाड़ कांड का एससी-एसटी कोर्ट में ट्रायल शुरू हो गया। ट्रायल के पहले दिन वादी नरसी के बयान दर्ज हुए। नरसी ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 137 के तहत संपन्न हुई चीफ (मुख्य परीक्षा) की कार्रवाई में मां सुनीता जाटव की हत्या व बहन रूबी के अपहरण की वारदात के बारे में विस्तार से बताया। घटना के बारे में बताते हुए नरसी कुमार भावुक भी हो गया। इस दौरान आरोपी पारस सोम कोर्ट में मौजूद रहा। करीब ढाई घंटे यह प्रक्रिया चली, जिसमें नरसी ने दो पेज के बयान दर्ज कराए। इस दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता नेपाल सिंह सोम ने जिरह भी की। अब 5 नवंबर केस की अगली तिथि निर्धारित की गई है।

- सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में 8 जनवरी, 2026 को सुनीता जाटव अपनी बेटी रूबी के साथ खेत पर काम करने जा रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव का रहने वाला पारस सोम वहां आया और रूबी को जबरन ले जाने लगा। - आरोप है कि सुनीता ने जब पारस का विरोध किया तो उन पर धारदार हथियार से हमला कर वह रूबी को लेकर चला गया। - घायल सुनीता को उपचार के लिए पहले एक और फिर दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सुनीता ने दम तोड़ दिया। सुनीता के बेटे नरसी कुमार ने सरधना थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने रूबी की तलाश शुरू की और आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने करीब 48 घंटे के भीतर रूबी को बरामद कर लिया था। - मजिस्ट्रेट के सामने रूबी के बयान दर्ज कराए गए। इन्हीं बयानों के आधार पर पारस सोम को मजिस्ट्रेट ने जेल भेजने का आदेश दे दिया। - कपसाड़ में भारी आक्रोश फैल गया। सुनीता का परिवार अनुसूचित जाति से जुड़ा है, जबकि आरोपी ठाकुर समुदाय का है। इसी सामाजिक पृष्ठभूमि के कारण मामला संवेदनशील हो गया। - ग्रामीणों और विभिन्न संगठनों की आवाजाही बढ़ी तो पुलिस-प्रशासन ने गांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। कई दिनों तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। - आरोपी पारस सोम की उम्र को लेकर भी लंबी कानूनी लड़ाई चली। उसके नाबालिग होने का दावा किया गया लेकिन 10 जून, 2026 को किशोर न्याय बोर्ड ने मेडिकल साक्ष्यों के आधार पर पारस की उम्र घटना के समय 18 वर्ष से अधिक तय कर दी। 295 दिन में ट्रायल पर आया कपसाड़ कांड कपसाड़ के इस चर्चित मामले में पुलिस ने 43 गवाह बनाए हैं। 646 पेज की चार्जशीट दाखिल की गई।

दूसरी कक्षा के बच्चे को पीटा

पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, नोएडा सेक्टर-71 स्थित ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल में दूसरी कक्षा के एक छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र के पिता ने आरोप लगाया है कि स्कूल में दूसरी कक्षा के बच्चों ने उनके बेटे को बेरहमी से पीटा। घटना में बच्चे को गंभीर चोटें आईं। पिता का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और सीसीटीवी फुटेज दिखाने में भी आनाकानी की। पीड़ित पिता की शिकायत पर फेज-तीन थाना पुलिस ने स्कूल के अज्ञात बच्चों और प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-61 स्थित रॉयल गार्डन एस्टेट निवासी चिराग ढिंगरा का बेटा निष्कर्ष ढिंगरा ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दो-ई में पढ़ता है। एफआईआर में दर्ज शिकायत के मुताबिक 27 अक्टूबर की सुबह करीब 7:40 बजे पिता अपने बेटे को स्कूल छोड़कर आए थे। स्कूल का समय सुबह 7:45 बजे से है। कुछ देर बाद बच्चा घर लौट आया और उसने परिजनों को बताया कि कक्षा के बच्चों और दूसरी कक्षा के कुछ छात्रों ने उसे स्कूल के फ्लोर पर गिराकर बुरी तरह पीटा है। बच्चे ने मारपीट के दौरान काफी दर्द होने की बात भी बताई।

पांच लोगों से 1.15 करोड़ की ठगी

किसी को क्रिप्टो तो किसी को निवेश में मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

नोएडा,साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से पांच लोगों से 1.15 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी कर ली। किसी को क्रिप्टो करेंसी और शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया तो किसी को बैंक अधिकारी बनकर फोन किया गया। एक व्यक्ति को बीमा पॉलिसी के नाम पर ठगा गया। पांचों पीड़ितों ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके आधार पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है।

क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 14.33 लाख ठगे

योगेश गुप्ता को टेलीग्राम के जरिए क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा दिया गया। ठगों ने उन्हें एक वेबसाइट पर निवेश करने के लिए कहा। शुरूआत में ट्रेडिंग के नाम पर भरोसा दिलाया। जब योगेश ने रकम निकालनी चाही तो फीस, टैक्स और सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर पैसे मांगने लगे। इस तरह उनसे 14 लाख 33 हजार 225 रुपये ठग लिए गए।

बैंक अधिकारी बनकर 36.34 लाख की ठगी

प्रकाश चंद मिश्रा को ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर फोन किया। शिकायत के मुताबिक, 27 नवंबर से 27 दिसंबर 2025 के बीच उनसे बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी ली गई। इसके बाद खाते से कई बार रकम निकाली गई। पीड़ित के मुताबिक, उनके साथ 36 लाख 34 हजार 330 रुपये की धोखाधड़ी हुई।

एंबुलेंस के लिए बनेगा ग्रीन कॉरिडोर

24 घंटे एक्टिव रहेगा ट्रैफिक सेल, गंभीर मरीजों के लिए पुलिस का ऑपरेशन फास्ट

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,गंभीर मरीजों और सड़क हादसों में घायलों को जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन फास्ट शुरू किया है। इसके तहत एंबुलेंस को जाम से निकालने के लिए ग्रीन कॉरिडोर जैसी व्यवस्था की जाएगी। ट्रैफिक कंट्रोल रूम में इसके लिए 24 घंटे समर्पित एंबुलेंस ट्रैफिक सुविधा सेल बनाया गया है। अस्पतालों और एंबुलेंस संचालकों के समन्वय के लिए हेल्पलाइन नंबर 9218981716 जारी किया गया है।

हेल्पलाइन पर देनी होगी मरीज और अस्पताल की जानकारी

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में शुरू किए गए इस ऑपरेशन का प्रस्ताव डीसीपी मुख्यालय शैव्या गोयल ने तैयार किया है। व्यवस्था लागू करने से पहले पुलिस ने इसका ट्रायल भी किया। ऑपरेशन फास्ट के तहत एंबुलेंस कर्मी, अस्पताल का कंट्रोल रूम या एंबुलेंस डिस्पैचर हेल्पलाइन पर मरीज की लोकेशन, अस्पताल और प्रस्तावित रास्ते की जानकारी देंगे। सूचना मिलते ही ट्रैफिक कंट्रोल रूम संबंधित रास्ते पर तैनात पुलिसकर्मियों को अलर्ट करेगा।

एंबुलेंस के आगे बढ़ने के साथ खाली होगा रास्ता

एंबुलेंस के आगे बढ़ने के साथ ही एक-एक करके चौराहों पर ट्रैफिक नियंत्रित किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर ट्रैफिक सिग्नल अस्थायी रूप से बदले जाएंगे। विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों को रोकने और वैकल्पिक रास्तों की व्यवस्था भी की जाएगी। शहर में लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए वाहन चालकों को एंबुलेंस के आने की सूचना दी जाएगी और रास्ता देने की अपील की जाएगी। ट्रायल में 12 डट का सफर 10 मिनट में पूरा पुलिस ने ऑपरेशन लागू करने से पहले इसका ट्रायल किया।

गरौठा-ककरबई मार्ग की बदहाली से 20 गांवों के ग्रामीण परेशान

एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर मरम्मत की मांग

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा (झांसी)। गरौठा से ककरबई मार्ग की जर्जर हालत को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार को शिकायती पत्र सौंपकर सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र में बताया गया कि गरौठा-ककरबई मार्ग पर ग्राम मछलीकांच से ककरबई तक लगभग तीन किलोमीटर तथा घटियारी मोड़ से ग्राम खरवांच तक करीब दो किलोमीटर सड़क अत्यधिक खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार खरवांच, घटियारी, बरमाइन, धमनोड़, ककरबई, मछलीकांच, कचीर सहित करीब 20 गांवों के लोगों का तहसील मुख्यालय गरौठा तक आवागमन इसी मार्ग से होता है। सड़क की खराब हालत के चलते विशेषकर बरसात के मौसम में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन दुर्घटनाएं होने के साथ जनहानि की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों तक समस्या पहुंचाकर संबंधित सड़क का जल्द से जल्द सर्वे कराते हुए मरम्मत एवं निर्माण कार्य कराया जाए, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की समस्या से निजात मिल सके। ज्ञापन में एड० दीपेंद्र सिंह परिहार, हाकिम सिंह यादव ,लोचन सिंह, एड.प्रिंस खरे, शिवराम पटेल, सुमित पाठक, संतोष कुशवाहा आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर थे ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के लिए ईमानदारी एवं पारदर्शिता से कार्य करने का संकल्प।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला गंगा समिति सोनभद्र के तत्वावधान में जिलाधिकारी के निर्देशन एवं प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र के मार्गदर्शन में शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026 को प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय परिसर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अंतर्गत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा ली। इसका मुख्य उद्देश्य शासकीय कार्यप्रणाली में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देना तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी शत्रुघ्न त्रिपाठी ने विभाग में प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ करने की अपील की। उन्होंने पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यप्रणाली अपनाने, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा आमजन को शासन की सेवाओं का लाभ सुनिश्चित कराने पर विशेष बल दिया।

अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा का दशहरा मिलन समारोह संपन्न

भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

झांसी। अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के तत्वावधान में सपना मैरिज गार्डन में दशहरा मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य श्याम सुंदर सिंह यादव पारीछा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में तेजपाल यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख डकोर एवं दीपांकर यादव (मून) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान सैय्यर कामता प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को पान खिलाकर दशहरे की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्य अतिथि श्याम सुंदर सिंह यादव सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकता, आपसी भाईचारे और संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। इस अवसर पर यदुवंशी महासभा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा, मंडल प्रभारी प्रवेश यादव लहर गिर्द, प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ यदुकुल नंदन श्री सांवरिया सरकार, जिला अध्यक्ष भवानी सिंह यादव मिनी, जिला प्रभारी बलवान सिंह यादव भोजला, जिला संरक्षक सीताराम यादव, मंडल महासचिव कुंज बिहारी यादव, मंडल उपाध्यक्ष श्याम जी यादव, मंडल कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, मंडल सचिव राममिलन यादव, तहसील अध्यक्ष गरौठा हेमंत यादव, इंद्रपाल सिंह यादव, विकास यादव, नारायण ठेकेदार भरसूड़ा, मनु यादव बगरा, देवेंद्र यादव प्रधान, केदार ताई, ज्ञान सिंह यादव अध्यापक करगुआ, संतराम यादव पाली, पुष्पेंद्र यादव, बलवीर यादव मोड़, अनिल यादव, सीएल यादव, गजेंद्र यादव फौजी, शिशुपाल यादव हीरानगर, भगवान सिंह यादव पाली, रामकुमार यादव परसर, महिला जिला अध्यक्ष किरण यादव, रेखा यादव, रचना यादव, प्रेम सिंह यादव पालर, साहब सिंह यादव उजयान, राजा यादव, सानू यादव तालपुरा, रवि यादव, राहुल यादव तेंदोल, रामनरेश यादव परसा, यदुवीर यादव विजयगढ़, आकाश यादव मोड़ खुर्द, दीपक यादव, चंचल टहरौली, अरविंद यादव बावल टांडा, मानवेंद्र यादव प्रधान छपरा, रामकी शरण यादव छपरा एवं दिलीप यादव परसर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा ने किया। अंत में जिला अध्यक्ष भवानी सिंह यादव मिनी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

खास समाचार

शराब के नशे में आपस में झगड़ रहे तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में कार्रवाई, बीएनएसएस की धाराओं में न्यायालय में किया पेश

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। ककरबई थाना पुलिस ने शराब के नशे में आपस में लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर 2026 को ग्राम ककरबई निवासी कोलर लखन पुत्र श्यामकिशोर की सूचना पर पुलिस पीआरवी 5732 मौके पर पहुंची। वहां श्यामकिशोर पुत्र लल्लू राम (39 वर्ष), देवानंद पुत्र बालादीन (26 वर्ष) और मनीष पुत्र श्याम सुंदर (19 वर्ष), निवासी ग्राम धनौरा, थाना ककरबई, शराब के नशे में आपस में विवाद कर रहे थे। पुलिस ने तीनों युवकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनके द्वारा शांति व्यवस्था भंग किए जाने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया।

एमजी नरेगा में सूचना देने से कतरे BDO चोपन, नियम 4(5)(2) का गलत हवाला देकर फळक को टाला - फळक कार्यकर्त्ता ने दायर की प्रथम अपील

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। विकास खंड चोपन सोनभद्र में एमजी नरेगा योजनाओं में पारदर्शिता को लेकर बड़ा मामला सामने आया है खंड विकास अधिकारी चोपन ने एक RTI आवेदन पर सूचना देने के बजाय उत्तर प्रदेश RTI नियमावली के नियम 4 (5) (2) का गलत हवाला देकर जवाब को टाल दिया। मामला फळक कार्यकर्त्ता से जुड़ा है। फळक कार्यकर्त्ता ने दिनांक 04.10.2026 को विकास खंड चोपन में संचालित एन जी नरेगा कार्यों, जॉब कार्ड और पंचायतवार प्रगति रिपोर्ट को लेकर 3 बिंदुओं पर सूचना मांगी थी, जो कार्यालय को 12.10.2026 को प्राप्त हुई थी। जन सूचना अधिकारी / इऊड चोपन ने अपने पत्रांक 963/ज०सू०अ०/2026-27 दिनांक 28-10-26 द्वारा सभी बिंदुओं पर एक ही जवाब चस्पा कर दिया कि 'सूचना नियमावली 2015 के नियम 4 के उपनियम 5 के पैरा 2 के अंतर्गत देय नहीं है' और आवेदक को अलग-अलग ग्राम पंचायतों में आवेदन करने व वेबसाइट देखने की सलाह दे दी।

सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर 31 अक्तूबर को काव्य संध्या का आयोजन -- प्रद्युम्न त्रिपाठी एडवोकेट

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र व साहित्य प्रकोष्ठ सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर 31 अक्तूबर शनिवार को शाम चार बजे से कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने देते हुए बताया कि वरिष्ठ कवि अजय चतुवेर्दी कक्का, दिवाकर द्विवेदी मेघ, सुधाकर स्वदेशप्रेम, अशोक तिवारी, दिलीपसिंह दीपक, प्रभात सिंह चंदेल, राकेश शरण मिश्र, सुशील मिश्रा, धर्मेश चौहान, दयानंद दयालु, विवेक चतुवेर्दी व मदन चौबे लौहपुरुष को समर्पित रचना

सिंचाई के लिए किसानों को आर्थिक मदद, डीप बोरिंग पर 50% तक अनुदान दे रही योगी सरकार

मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना से सोनभद्र के किसानों को मिलेगा लाभ, उथले नलकूप पर श्रेणी के अनुसार 90% तक सब्सिडी

वित्त वर्ष 2026-27 में 85 डीप बोरिंग और 688 उथले नलकूप का लक्ष्य निर्धारित।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। किसानों को सिंचाई के लिए मानसून पर निर्भरता से राहत दिलाने और खेती की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से योगी सरकार मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के माध्यम से निजी सिंचाई संसाधनों के विकास को प्रोत्साहित कर रही है। योजना के तहत खेतों में डीप बोरिंग और उथले नलकूप की स्थापना कराने पर किसानों को प्रदेश सरकार की ओर से अनुदान दिया जा रहा है। इससे किसानों को अपने खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए आर्थिक सहायता मिलेगी और फसलों की जरूरत के अनुसार समय पर सिंचाई करना आसान होगा।

सोनभद्र में 773 किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य

लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता एमआर मौर्या ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 में सोनभद्र जिले के लिए योजना के तहत डीप बोरिंग और उथले नलकूप की स्थापना के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इसके अंतर्गत 85 किसानों को डीप बोरिंग की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है, जबकि 688 किसानों को उथले नलकूप की बोरिंग कराने पर अनुदान का लाभ दिया जाएगा।

डीप बोरिंग पर 50%, उथले नलकूप पर 90% तक अनुदान

योजना के तहत डीप बोरिंग कराने वाले किसानों को प्रदेश सरकार की ओर से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। वहीं, उथला नलकूप लगाने वाले किसानों को उनकी श्रेणी के अनुसार 50 से 90 प्रतिशत तक अनुदान देने का प्रावधान है। इससे किसानों को निजी सिंचाई संसाधन विकसित करने में आर्थिक मदद मिलेगी। खासकर उन किसानों को राहत मिलेगी, जिन्हें बारिश की कमी के कारण फसलों की सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से बढ़ेगी किसानों की आय

मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना का उद्देश्य किसानों को कम लागत में सिंचाई के स्थायी संसाधन उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें खेती के लिए दूसरे सिंचाई संसाधनों पर निर्भर न रहना पड़े। बेहतर सिंचाई सुविधाओं से किसान समय पर बुवाई और जरूरत के मुताबिक फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। इसके साथ ही एक से अधिक फसल लेने के अवसर भी बढ़ेंगे। योगी सरकार का जोर किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने पर है। खेतों तक सिंचाई के पर्याप्त संसाधन पहुंचने से कृषि उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत और उत्पादन के बीच बेहतर संतुलन बनाने तथा किसानों की आमदनी में वृद्धि करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खातों में हस्तांतरित की किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त

सोनभद्र में एलईडी टीवी एवं मोबाइल के माध्यम से किसानों ने देखा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त का सजीव प्रसारण

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त से जनपद के 1,68,645 किसान लाभान्वित।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उप कृषि निदेशक, जनपद सोनभद्र राज कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 30 अक्टूबर, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के अंतर्गत देश के 9 करोड़ 34 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,680 करोड़ से अधिक की धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गई। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर जनपद सोनभद्र में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से जनपद, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कृषकों के मध्य एलईडी टीवी, कंप्यूटर एवं मोबाइल के माध्यम से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया गया। जनपद सोनभद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत कुल 1,68,645 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर कार्यालय उप कृषि निदेशक, सभाकक्ष, मंगुराही, सोनभद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधिका पटेल जी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप कृषि निदेशक द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ किया गया। इसके उपरान्त प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषकों को दिखाया गया। उप कृषि निदेशक राज कुमार एवं जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा कृषकों को कृषि विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कृषकों को योजनाओं की पात्रता, लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधिका पटेल जी द्वारा शासन की ओर से किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा कृषकों से अपील की गई कि वे कृषि विभाग की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर अपनी कृषि एवं आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाएं।

मंदिर में खंडित मिलीं मूर्तियां, श्रद्धालुओं में आक्रोश

कासिमपुर-बेहंदर में रामलीला मेला मैदान स्थित मंदिर का मामला, लोगों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। कासिमपुर-बेहंदर इलाके में रामलीला मेला मैदान स्थित मंदिर में मूर्तियां खंडित मिलने से क्षेत्र में हलचल मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मंदिर परिसर में जुट गए। लोगों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और मूर्तियां खंडित होने की वजह का पता लगाने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर में मूर्तियां किन परिस्थितियों में खंडित हुईं, इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। यदि किसी शरारती तत्व ने जानबूझकर इस घटना को अंजाम दिया है तो उसकी पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग उठाई, जिससे भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो। घटना की सूचना कासिमपुर थाना पुलिस को दी गई। इस संबंध में इंस्पेक्टर घनश्याम राम ने बताया कि मंदिर में मूर्तियां खंडित मिलने की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मूर्तियां किसने और किन परिस्थितियों में खंडित कीं, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 में दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

पात्र लाभार्थियों का शत-प्रतिशत सत्यापन, आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी अद्यतन कराने के अपर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 में दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराने की योजना के संचालन के संबंध में जनपद स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तेल विपणन कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित करने, लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल एवं प्रतिपूर्ति धनराशि प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के समाधान तथा योजना की नियमित मॉनिटरिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर सोनभद्र, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप-विज्ञान, समस्त पूर्ति निरीक्षकगण तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (कडउछ), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के विक्रय प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में योजना की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पंजीकृत समस्त लाभार्थियों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही, सभी पंजीकृत लाभार्थियों के बैंक खातों की आधार सीडिंग तथा ई-केवाईसी की स्थिति अद्यतन कराई जाए, जिससे किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ प्राप्त करने में असुविधा न हो। उन्होंने दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से एलपीजी सिलेंडरों की होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सभी लाभार्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन पूर्ण कराने के लिए गैस एजेंसियों के प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने निष्क्रिय लाभार्थियों अथवा निष्क्रिय खातों की पहचान कर संबंधित सूची अद्यतन करने तथा लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर रिफिल प्राप्त करने की प्रक्रिया, निर्धारित तिथियों एवं पात्रता संबंधी शर्तों के बारे में जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराने पर भी जोर दिया।

राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी) के लिए 20 नवंबर तक करें आवेदन

सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 15 से 35 वर्ष के युवाओं को मिलेगा सम्मान, आवेदन की तीन प्रतियां जमा करना अनिवार्य।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, सोनभद्र द्वारा अवगत कराया गया है कि महानिदेशक, प्रांतीय रक्षक दल/विकास दल एवं युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के अंतर्गत राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किया जाना है। इस पुरस्कार के माध्यम से सामाजिक कार्यों एवं राष्ट्रीय विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए विगत तीन वर्षों अर्थात 01 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2026 तक सराहनीय कार्य करने वाले युवाओं के प्रस्ताव जिलाधिकारी, सोनभद्र की अनुशंसा के साथ महानिदेशालय, लखनऊ को भेजे जाएंगे। खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना व संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति एवं साहित्य, मानवाधिकारों को बढ़ावा देने, पर्यटन, पारंपरिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल एवं शैक्षिक उत्कृष्टता तथा स्मार्ट लर्निंग सहित अन्य निर्धारित क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की पात्रता एवं आवश्यक शर्तें के संबंध में उन्होंने बताया कि आवेदक उत्तर प्रदेश का नागरिक होना चाहिए तथा नामांकन के वर्ष की 01 जनवरी को उसकी आयु 15 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक द्वारा निर्धारित तीन वित्तीय वर्षों में संबंधित क्षेत्रों में उल्लेखनीय एवं प्रमाणित कार्य किया गया हो। यह पुरस्कार किसी व्यक्ति को उसके जीवनकाल में केवल एक बार प्रदान किया जाएगा। केंद्र एवं राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों, स्कूलों तथा कॉलेजों आदि में सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। इच्छुक एवं पात्र युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित प्रस्ताव प्रारूप में संबंधित कार्यों के साक्ष्यों सहित अपना आवेदन मूल रूप में तीन प्रतियों में बुकलेट फॉर्मेट में दिनांक 20 नवंबर, 2026 तक जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, सोनभद्र, कमरा संख्या-68 में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।

अर्नब चक्रवात एवं असामयिक वर्षा से फसल क्षति होने पर 72 घंटे के अंदर दर्ज कराएं शिकायत

फसल बीमा कराने वाले किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर दें सूचना, तहसीलवार बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर जारी।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला कृषि अधिकारी, सोनभद्र द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अर्नब चक्रवात एवं असामयिक वर्षा के कारण खरीफ की फसलों को क्षति होने की संभावना के दृष्टिगत जनपद के समस्त कृषक बंधुओं, विशेषकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमित कृषकों को सूचित किया जाता है कि यदि उनकी फसलों को किसी प्रकार की क्षति होती है, तो आपदा के दौरान 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर फसल क्षति की शिकायत अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इससे क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वेक्षण कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा कराया जा सकेगा तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी। कृषक बंधुओं से अनुरोध किया है कि फसल बीमा एवं फसल क्षति से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए अपनी तहसील से संबंधित फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं। कृषकों की सुविधा के लिए तहसीलवार बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के नाम एवं मोबाइल नंबर निम्नवत हैं गणेश प्रसाद, जिला प्रतिनिधि/तहसील कोऑर्डिनेटर, तहसील रॉबर्ट्सगंज मोबाइल नंबरः 8097657773।

प्रशान्त कुमार शुक्ला, तहसील कोऑर्डिनेटर, तहसील दुद्धी मोबाइल नंबरः 6392589818।

विकास कुमार पाण्डेय, तहसील कोऑर्डिनेटर, तहसील ओबरा मोबाइल नंबरः 7897827083।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक-
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक -
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम

कहानी

रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थी। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।' 'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'

सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलैस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है।' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाईं दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।

'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।

'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।

सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घाबरू मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों को सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी येनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक इंडिया, नई दिल्ली

हंसगुल्ले

पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम केलकुलेटर से तेजी नहीं हो सकते हो?

गप्पू: लव और हिंदर।

- रोहनी, मिलाई

टीचर: कल मैं पार्क पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग समय सिर मत खपाना।

पिंटू: लेकिन मैं वहीं आ जाऊंगा मैम।

टीचर: क्यों?

पिंटू: जी क्या है कि मेरी मम्मी कुछ इतनी दूर जाने नहीं देतीं।

-पुष्पाल, बिलासपुर

मोनू: वह लैक्चर सा आखिरी वाक्य है, जिसे कोई 'रोस्ट' नहीं सिख सकता।

गोलू: ऐसा कौन सा वाक्य है? तू ही बता।

लोलू: वह वाक्य है-'लंच।'

- रोहन, लोअल

जीके क्विज-229

1. फिट इंडिया खेल 2026 में कौन अखाड़ा ले रिंग खेल में सर्वश्रेष्ठ टीम?
2. अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के 94वें सालाना कैंपेन थीम/स्लोगन को किस संगठन द्वारा तैयार किया गया?
3. भारत के प्रसिद्ध पिंटो नदी कौन है?
4. कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन का गुरु कौन था?
5. शुक्र को कौन से दिन सबसे चमकीला देखा जा सकता है?
6. माउंटएवरेस्ट सर्वोच्च शिखर तक पैदल है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'दीन का दरिया' कहा जाता है?
9. ज्वालामुखी की राजधानी कहां है?
10. तंजावुर राज्य किस कला के लिए जाना जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही उत्तर देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समवर्क, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हालजेन, 4. सौफैदू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रंधित-रामपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-हैमेल से, दिलीप-रोहतक, प्रियंशु-कलीदा बाजार, हर्षित-कठनी, पूनम-मत्स्यसुंदर, कुणाल-दुर्ग, तृप्त-दिल्ली

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल

बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार

खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।

मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी को किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो।

किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर अपनी प्रज्ञा,
खड़ी द्वार पर रहे कुलांची।।

झांक रहा खिड़की से कुन्नू,
देख-देख गुड़िया मुस्काता।
देर अगर मैं हो जाती तो,
खलक मेरा शोर मचाता।।

अरी ठहरजा धीरे-धीरे,
सबसे पीछे और चढ़ती।
रिक्शक-रिक्शक, तू उधर रिक्शक ज,
सब बच्चों से बस में लड़ती।।

कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर छिन-छिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इसमें रहती डरती-डरती।।

तड़-तड़ के बच्चे चढ़ो,
मोटर में बैठा लख जाता।
कोई इच्छा कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।

नवकुंजत पुष्प का भाई,
उसे पिटकर टॉफी खाता।
कोई बाहर सब दिखा कर,
बाय-बाय करने लख जाता।।

बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बड़ा सुहाती।
बस्सी-पाया खेल खिलौने,
सारे घर की चहल दिखाती।।

कुलांच से फूल खिलाती,
घंटी नाद-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस आ जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढकर बताओ।

उत्तर : 1. बड़ी का चौड़ा 2. 2 चौड़ा की जगह 3 चौड़ा के चौड़ा किए का 4 चौड़ा 5. 5 चौड़ा की जगह 6. 6 चौड़ा की जगह 7. 7 चौड़ा की जगह 8. 8 चौड़ा

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में कई तरह कुछ जानवरों के चित्र दिए गए हैं। कई तरह जानवरों के उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर लिखना है। तुम वे लिखा लेटर लिखकर इन जानवरों के नाम पूरे करो।

monke ____

shee ____

chicke ____

goa ____